हरिभूमि
# रायपुर भूमि





# खारुन की सुध कौन लेगा, 2 किमी तक जलकुंभी नालों के मुहाने नदी में खुल रहे, गंदगी ही गंदगी

पर्यावरण दिवस पर विशेष

लक्ष्मण लेखवानी ▶▶| रायपुर

पूरी दुनिया में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ में भी विश्व पर्यावरण दिवस पर हर साल विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, लेकिन जिस तरह से नदियों की उपेक्षा की जा रही है, उससे अब इनके अस्तित्व पर भी खतरा मंडराने लगा है। हरिभूमि की टीम ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर के खारुन नदी का निरीक्षण किया। कोपेडीह ओवरब्रिज से चंदनीडीह ओवरब्रिज तक लगभग 9 किलोमीटर का ▶▶|शेष पेज 16 पर

### नदी किनारे लगे वृक्ष भी मिट्टी के कटाव से गिर रहे

नदी के दोनों किनारों पर छोटे-बड़े कई पेड़ लगे हुए हैं, जो नदी की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। बारिश के दिनों में नदी जब लबालब हो जाती है, उस समय पेड़ों की हरियाली से नदी की खूबसूरती और बढ़ जाती है। इस मनोरम दृश्य को ▶▶|शेष पेज 16 पर

### महानदी का अस्तित्व भी खतरे में

खारुन नदी की तरह महानदी का अस्तित्व भी खतरे में है। रायपुर-महासमुंद सीमा क्षेत्र से गुजरी महानदी के कई तटों को प्रदूषित करने के साथ उसकी चौड़ाई कम कर दी गई है। इसके लिए जिम्मेदार फर्शी, रेत खदानों के ▶▶|शेष पेज 16 पर

### नदी का सीना चीरकर निकाली जा रही रेत

महानदी में संचालित कई रेत खदानों के ठेकेदारों द्वारा नियमों के विरुद्ध नदी के बीच मशीनों से उत्खनन कराकर रेत निकालकर बेची जा रही है, जो नियमों के खिलाफ है। पर्यावरण विभाग द्वारा महानदी को बचाने तथा उसके अस्तित्व को खतरे में डालने वालों के खिलाफ अब तक कोई कदम उठाया नहीं गया है।

## खबर संक्षेप

### नार्थ जोन में पुलिस ने चलाया ऑपरेशन

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नरेट द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, वारंटों की तामीली तथा असामाजिक तत्वों के खिलाफ गुरुवार को नार्थ जोन के थाना क्षेत्रों में विशेष कॉम्बिंग गश्त एवं सघन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गुढ़ियारी, उरला, खमतराई, एवं रामनगर पुलिस चौकी में 6 वारंटों की तामीली की गई, जिसमें 3 स्थायी तथा 3 गिरफ्तारी वारंट की तमीली की गई हैं। उरला में चंदन नेताम के कब्जे से दो किलो गांजा जब्त किया, गजेंद्र दास मानिकपुरी को 33 पौवा देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। साथ ही चार प्रकरण में आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### ड्रंक एंड ड्राइव, 54 चालकों पर कार्रवाई जारी

**रायपुर।** नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार रात एसीपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर के नेतृत्व में शहर के 9 स्थान तेलीबांधा, पचपेड़ी नाका, भाठागांव, टाटीबंध, कालीबाड़ी, जयस्तंभ चौक, भनपुरी एवं पंडरी थाने के सामने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाते हुए कुल 54 वाहन चालकों में 35 कार, पांच मोटर साइकिल, दो टाटा एस, दस ट्रक, एक पिकअप, एक ई-रिक्शा वाहन चालक को नशे की हालत में गाड़ी चलाते पकड़ा।

### टिकरापारा में 38 के खिलाफ कार्रवाई



**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने इंटरस्टेट बस टर्मिनल सहित अन्य संवेदनशील स्थानों में छापामार कार्रवाई करते हुए 38 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में 25 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धारा तथा 13 के खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने के आरोप में 36 च की कार्रवाई की गई है।

# इधर, चौपाटी की जगह नालंदा पार्ट-2 का निर्माण उधर, 60 गुमटियों के शटर महीनों बाद भी बंद





हरिभूमि फॉलोअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इधर चौपाटी वाली जगह पर रायपुर नगर निगम द्वारा 21 करोड़ की लागत से भव्य तिमंजिला आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नालंदा पार्ट 2 लाइब्रेरी निर्माण ने गति पकड़ ली है, वहीं दूसरी तरफ यलो कलर के वार्म लाइट से जगमगाने वाले 60 स्मार्ट कियोस्क की ऐसी जगह पर शिफ्टिंग की गई है, जहां दूर-दूर तक सन्नाटा पसरा हुआ है। महीनों बीतने के बाद भी इन दुकानों के शटर नहीं खुल पाए। शिफ्टिंग वाली जगह पर लाइन से रखी 60 स्मार्ट गुमटियों पर धूल मिट्टी की मोटी परत जम गई है। वहीं 500 परिवारों की रोजी-रोटी प्रभावित हुई।

### एक साल में बनकर तैयार होगा नालंदा पार्ट 2

रायपुर नगर निगम द्वारा एनआईटी के सामने यूथ वाली जमीन पर करीब 2 एकड़ क्षेत्र मे वर्टिकल शेप डिजाइन में तीन मंजिला आधुनिक नालंदा पार्ट 2 लाइब्रेरी का निर्माण अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है। नगर उत्थान योजना में 21.07 करोड़ की लागत से बन 1017 सीटों वाला आधुनिक अध्ययन केंद्र स्टडी विद फिटनेस कंसेप्ट के साथ धरातल पर साकार रूप लेगा। नालंदा पार्ट 2 लाइब्रेरी वाली इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर विद्यार्थियों के लिए आधुनिक जिम और स्पोर्टस जोन की सुविधा रहेगी। प्रथम व द्वितीय तल पूरी तरह से शांत अध्ययन क्षेत्र रहेगा, जहां स्टूडेंट्स को ऑनलाइन और आफलाइन दोनों तरह के लाइब्रेरी की सुविधा उपलब्ध होगी। तीसरे तल पर छात्र-छात्राओं के लिए ग्रुप स्टडी और आपस में चर्चा करने के लिए कक्ष बनाया जाएगा।

### नालंदा पार्ट 2 लाइब्रेरी में प्रमुख सुविधा इस तरह

- 90 सीट की क्षमता वाला आधुनिक लेक्चर हॉल
- 24 घंटे सातों दिन को वर्किंग स्पेस, चौबीस घंटे पढ़ाई और प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए अलग से स्पेस
- युवाओं के रीफ्रेसमेंट को ध्यान में रखकर कैफेटेरिया, इंडोर गेम्स, छोटे बच्चों के लिए खेल क्षेत्र
- पार्किंग – 950 से अधिक दोपहिया और 75 से अधिक चारपहिया वाहन की पार्किंग सुविधा।

# विधायक निवास के सामने चोरों का धावा, लाखों की नकदी, जेवर ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शंकर नगर-खम्हारडीह स्थित पॉश कालोनी गोल्डन होम्स में चोरी की एक घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरों ने रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के घर के ठीक सामने एक कारोबारी के मकान को निशाना बनाते हुए 12 लाख रुपए से ज्यादा नकदी तथा जेवर पार कर दिया। गोल्डन होम्स कचना से अशोका रत्न मार्ग पर है वहां रातभर वाहनों का आना-जाना होता है। कालोनी में गार्ड की तैनाती भी है। इसके बावजूद चोरों ने 12 से 1 बजे के बीच चोरी को अंजाम दिया।

- जहां चोरी की घटना हुई, वह घना रिहायशी इलाका, व्यस्त सड़क

कारोबारी भरत छापड़िया ने चोरी की ▶▶|शेष पेज 16 पर

गोल्डन होम्स में 12 लाख की चोरी, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस



### बड़ी रिहायशी कालोनी को बना रहे निशाना

चोरों के निशाने पर छोटी कालोनी से लेकर बड़ी कालोनियां हैं। हाल के दिनों में जो बड़ी चोरी की घटनाएं हुई हैं, उनमें ज्यादातर चोरी की घटना हाई क्लास सोसाइटी में रहने वाले लोगों की कालोनियों में हुई हैं। पिछले महीने चोरों ने राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र की लॉ विस्टा कालोनी में कारोबारी के यहां तथा रावतपुरा कॉलोनी में बैंक कर्मी के साथ आमानाका थाना क्षेत्र के टाटीबंध स्थित पार्थिव पैसिफिक में रहने वाले गोदावरी ▶▶|शेष पेज 16 पर

### पुलिस कर रही पड़ताल

*कारोबारी ने अभी कुछ दिन पूर्व गृह प्रवेश किया है। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि तीन बदमाश गोल्डम होम्स के अंदर दाखिल हो रहे हैं। सड़क से लगे खाली प्लाट के जरिए चोर घर की छत तक पहुंचे और उसके बाद अंदर दाखिल हुए। फुटेज क्लीयर नहीं होने की वजह से चोरों की शिनाख्ती करने में पुलिस को परेशानी हो रही है। हालांकि पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। रैकी कर चोरी करने की आशंका को देखते हुए पुलिस घटना दिनांक की शाम छह बजे से लेकर दूसरे दिन छह बजे तक कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज हासिल कर जांच कर रही है।*

### बड़ा सवालः व्यस्त सड़क, कॉलोनी में गार्ड, फिर भी चोरों के हौसले बुलंद

जिस घर में चोरी हुई है वह वह कचना से अशोका रत्न वाले मार्ग पर है। गोल्डन होम्स कवर्ड कालोनी है। उसके तीन गेट हैं। रात को केवल एक ही गेट खुलता है। उस पर गार्ड की तैनाती होती है। रातभर सड़क पर वाहन आते-जाते हैं। उसके बावजूद चोरों ने रात बारह बजे चोरी का दुस्साहस किया। मकान भी विधायक निवास के एकदम सामने है। इस सबके बाद भी चोरों ने पूरी प्लानिंग के साथ हाथ साफ कर दिया। पुलिस इस एंगल से भी जांच कर रही है कि कहीं इस घटना में कोई ऐसा व्यक्ति तो शामिल नहीं है जिसे नकदी-जेवर होने की जानकारी रही हो।





## व्यापम ने गुरुवार को आयोजित की प्री-डीएलएड परीक्षा

# डीएलएड में बीते वर्ष से 50 फीसदी कम आवेदन, इनमें भी 22 प्रतिशत नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने गुरुवार को डीएलएड प्रवेश परीक्षा आयोजित की। इसके लिए प्रदेशभर से 1 लाख 39 हजार 600 आवेदन व्यापम को मिले थे। इसमें से 77 प्रतिशत ही परीक्षा दिलाने पहुंचे। गौरतलब है कि बीते वर्ष डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए करीब 2 लाख आवेदन मिले थे। इस तरह से मौजूदा सत्र में आवेदनकर्ता ▶▶|शेष पेज 16 पर

- रायपुर में 67.23% अभ्यर्थी ही पहुंचे परीक्षा दिलाने



### भीषण गर्मी में परेशान हुए छात्र

गुरुवार को परीक्षा दिलाने पहुंचे विद्यार्थी भीषण गर्मी से परेशान दिखे। व्यापम द्वारा सभी केंद्रों में गर्मी से सुरक्षा उपाय सहित अन्य दिशा-निर्देश विस्तृत रूप से दिए गए थे। अधिकतर परीक्षा केंद्र के सभी कक्ष में कूलर की व्यवस्था नहीं हो सकी। अभ्यर्थियों को पंखे की हवा में पर्चे हल करने पड़े। देशभर में परीक्षाओं में हो रही गड़बड़ियों के बीच सुरक्षा व ड्रेस कोड संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन सख्ती से किया गया। मुख्य द्वार पर जांच पश्चात ▶▶|शेष पेज 16 पर



# नगर विकास योजना में अब 42 फीसदी जमीन वापस मिलेगी फ्री होल्ड पर, हो सकेगा मिश्रित उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नवा रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई नगर विकास योजना के नियम में एक अत्यंत महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। इस योजना के तहत ली जाने वाली जमीन का 42 प्रतिशत हिस्सा भूमि स्वामी को फ्री होल्ड होकर मिलेगा। यही नहीं, यह जमीन मिश्रित उपयोग के लिए दी जाएगी। प्राधिकरण नवा रायपुर से लगे सेरीखेड़ी में 436 हेक्टेयर क्षेत्र यानी करीब 11 सौ एकड़ में नगर विकास योजना लेकर आया है। यहां की सारी जमीन कृषि की है।

### ये है मामला

छत्तीसगढ़ सरकार ने टाउन डेवलपमेंट स्कीम (नगर विकास योजनाओं) के तहत आने वाली जमीनों के हस्तांतरण और मालिकाना हक से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव किया है। आवास एवं पर्यावरण विभाग ने 'छत्तीसगढ़ विशेष क्षेत्र (अचल संपत्ति का व्ययन) नियम, 2008' में संशोधन किया गया है। इस संशोधन के बाद, अब टाउन डेवलपमेंट स्कीम के क्षेत्रों में स्थित भूमि को पट्टाधृति (लीज-होल्ड), अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) या पूर्ण स्वामित्व (फ्री-होल्ड) के आधार पर अंतरित (ट्रांसफर) किया जा सकेगा। जमीन के मिश्रित उपयोग का मतलब ये कि वहां आवासीय, व्यावसायिक या उद्योग परिसर बनाए जा सकेंगे।

## सेरीखेड़ी में 11 सौ एकड़ में बन रही है नगर विकास योजना




### फ्री-होल्ड कराने के लिए शर्तें

आवास एवं पर्यावरण विभाग के अनुसार, पट्टे पर दी गई भूमि को पूर्ण स्वामित्व में बदलने के लिए प्राधिकरण द्वारा कुछ शर्तें तय की गई हैं। इसके तहत प्रीमियम का भुगतान की प्रक्रिया ये होगी कि पट्टेदार को प्राधिकरण द्वारा निर्धारित प्रचलित भूमि प्रीमियम के 1 प्रतिशत के बराबर राशि जमा करनी होगी। पट्टेदार को न्यूनतम 15 वर्षों के वार्षिक पट्टा भाटक (लीज रेंट) के बराबर एकमुश्त राशि जमा करनी होगी। परिवर्तन के उपरांत, पट्टेदार को अपने स्वयं के व्यय पर पंजीकरण अधिनियम, 1908 के अधीन 'परिवर्तन विलेख' (कन्वर्जन डीड) का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि भूमि का पूर्ण स्वामित्व के आधार पर अग्रिम अंतरण किया जाता है, तो तय प्रीमियम में आरक्षित प्रीमियम के अतिरिक्त न्यूनतम 15 वर्षों के वार्षिक पट्टा भाटक के बराबर की राशि शामिल होगी। यह संशोधन छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के अंतर्गत किया गया है।

### ये है सेरीखेड़ी की नगर विकास योजना

सेरीखेड़ी में नया रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा 436.0152 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए एक विशेष नगर विकास योजना (टाउन प्लानिंग स्कीम) तैयार की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र का सुव्यवस्थित विकास करना और इसे एक आधुनिक टाउनशिप के रूप में विकसित करना है। इस पूरी योजना को 'पारगमन उन्मुख विकास' क्षेत्र घोषित किया गया है, जहाँ मल्टी-मॉडल परिवहन और आधुनिक बुनियादी ढांचा विकसित किया जाना है।

### बनेगा नवा रायपुर का प्रवेश द्वार

सेरीखेड़ी को नवा रायपुर के मुख्य प्रवेश द्वार के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके तहत यहाँ सौंदर्यीकरण और 'स्वागत वाटिका' जैसे नागरिक सुविधा प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। नागरिकों को एकीकृत (सिंगल विंडो) सुविधाएं देने के लिए यहाँ म्यूनिसिपल शेयर्ड सर्विसेस सेंटर भी खोले जा रहे हैं। यहां के स्थानीय निवासियों के लिए समय-समय पर स्कूल शेड, सीसी रोड, नाली निर्माण और जल आपूर्ति प्रणालियों के सुदृढ़ीकरण जैसे कार्य भी किए जाएंगे

## खबर संक्षेप



### सिलयारी चौकी प्रभारी के निलंबन तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, धरसीवा क्षेत्र की नाबालिग गैंगरेप पीड़िता को न्याय दिलाने की लड़ाई कांग्रेस पूरी मजबूती से लड़ रही है। कांग्रेस की मांग है कि मामले में उठ रहे गंभीर सवालों को देखते हुए सिलियारी चौकी प्रभारी जितेंद्र दुबे को तत्काल निलंबित कर निष्पक्ष विभागीय जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि घटना को डेढ़ माह से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन आज भी कई सवाल अनुत्तरित हैं। पीड़ित परिवार लगातार न्याय की मांग कर रहा है। कांग्रेस का आरोप है कि मामले में प्रारंभिक स्तर पर हुई कार्रवाई और कथित देरी ने जनता के बीच अविश्वास पैदा किया है। उन्होंने कहा, जब तक सिलियारी चौकी प्रभारी जितेंद्र दुबे को निलंबित नहीं किया जाता, तब तक कांग्रेस का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा, मामले में भाजपा विधायक की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है।

## आज पर्यावरण दिवस से होगा कार्यक्रमों का आगाज

# भाजपा का घर-घर चलो अभियान, सीएम सहित सभी मंत्री और बड़े नेता भी जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन के 5 जून से लेकर 21 जून तक लगातार कई कार्यक्रम होंगे। इसे लेकर जिलों की बैठकें भी गई हैं। पखवाड़ेभर के कार्यक्रमों में सबसे बड़ा आयोजन घर-घर चलो महासंपर्क अभियान रहेगा। बड़े नेता अपने-अपने क्षेत्रों में अपने समय के हिसाब 8 से 14 जून के बीच में कभी भी आम जनता के घरों तक जाएंगे। यह अभियान नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में 12 साल पूरे होने पर रहेगा। इसमें 12 साल विश्वास के, जनकल्याण विकास के स्लोगन के साथ अभियान चलेगा। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सभी मंत्री, विधायक, सांसद, सारे जनप्रतिनिधि और भाजपा के छोटे-बड़े नेता शामिल होंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जून माह के लिए जो आयोजन तय किए हैं, उसमें सबसे बड़ा आयोजन केंद्र सरकार के 12 साल पूरे होने का है। इसमें घर-घर चलो अभियान रहेगा। इस अभियान में हर राज्य के भाजपा के जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता शामिल होंगे। जिन राज्यों में भाजपा की सरकार है, वहां पर मुख्यमंत्री सहित पूरा मंत्रिमंडल, विधायक भी आयोजन में शामिल होंगे। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की सरकार है तो यहां पर सरकार के सभी मंत्री आयोजन का हिस्सा बनेंगे। आयोजन से पहले प्रदेश संगठन जिलों में बैठक करके तय कर रहा है कि क्या-क्या आयोजन कब होंगे।



### आज पर्यावरण पर आयोजन

सबसे पहले शुक्रवार 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेशभर में इसको लेकर आयोजन किया जाएगा। इसमें वृक्षारोपण का कार्यक्रम होगा। 12 से 14 जून तक मंडल स्तर पर संकल्प सभाएं आयोजित होंगी। 15 से 17 जून तक ग्राम, बस्ती और बूथ स्तर तक चौपाल लगेगी। 17 से 20 जून तक योग दिवस की तैयारियां की जाएंगी। 21 जून को बड़े पैमाने पर योग दिवस का आयोजन होगा। इसमें भी मुख्यमंत्री से लेकर सभी मंत्री, सांसद, विधायक और भाजपा के सभी नेता शामिल होंगे।

### बताएंगे केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं

*घर-घर चलो अभियान में प्रदेश के सभी घरों तक भाजपा नेताओं के पहुंचने का लक्ष्य रहेगा। इसमें घरों तक पहुंचकर भाजपा नेता केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देंगे और जानने का प्रयास करेंगे कि इन योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं मिल रहा है। किसी कारणवश किसी को किसी योजना का लाभ नहीं मिल रहा होगा तो उनको योजना का लाभ दिलाया जाएगा। इसी के साथ केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के बारे में जनता को बताया जाएगा। इसके पीछे का एक बड़ा मकसद अगले साल और 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव भी हैं। इस अभियान में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने विधानसभा क्षेत्र के साथ ही किसी भी क्षेत्र में किसी के घर में दस्तक देंगे। इसी तरह से प्रदेश के डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा सहित सभी मंत्री भी आम जनता के घरों तक जाएंगे और उनसे संवाद करेंगे।*

भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों पर कांग्रेस ने किया हमला

# यूजर चार्ज में वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में आज मरीन ड्राइव के पास भाजपा सरकार एवं नगर निगम की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से नगर निगम द्वारा लगाए गए अतिरिक्त आर्थिक बोझ का विरोध दर्ज कराया गया। हस्ताक्षर अभियान में बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लेकर भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।


इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा, पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता पर अब नगर निगम द्वारा सफाई यूजर चार्ज के रूप में नया आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है, इससे राशन सहित दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम बढ़ गए हैं। शहर अध्यक्ष श्रीकुमार मेनन ने आरोप लगाया कि बढ़ी हुई गाइडलाइन दरों के कारण आम नागरिकों और जमीन कारोबार से जुड़े लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, एक ओर नगर निगम टैक्स और विभिन्न शुल्कों के माध्यम से जनता से लगातार वसूली कर रहा है, वहीं दूसरी ओर शहर के अधिकांश वार्डों में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। नियमित रूप से घरों से कचरा उठाव नहीं हो रहा है। इसके बावजूद सफाई के नाम पर यूजर चार्ज बढ़ाकर जनता की जेब पर डाका डाला गया है। भाजपा सरकार का यह एक और महंगाई का तोहफा है, जिसे जबरन थोपा जा रहा है। कांग्रेस इस जनविरोधी निर्णय को वापस लेने तक आंदोलन जारी रखेगी। कांग्रेसियों ने सैकड़ों की संख्या में किए हस्ताक्षर किए फ्रेम को नगर निगम मुख्यालय के सामने लगाकर अपना विरोध जताया है।

### ये थे मौजूद

इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, बलजीत भाटिया नागभूषण राव यादव, पल्लवी सिंह, सुधा सरोज, सुजीत सिंह, दिनेश ठाकुर, जसबीर ढिल्लों, प्रशांत ठेंगड़ी, सुशांत डे, सचिन अग्रवाल, नंदकुमार पटेल, अनिल रायचूरा, विनोद ठाकुर, कमल धृतलहरे, सुयश शर्मा, प्रवीण चंद्राकर, अविनय दुबे, दीपक चौबे, सुरेश बुधवानी, मुकेश कुकरेजा, रमेश ध्रुव आदि शामिल थे।

### यूजर चार्ज में वृद्धि नगर निगम का जनता पर आर्थिक हमला

छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल ने कहा, नगर निगम द्वारा डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन एवं सफाई व्यवस्था के नाम पर यूजर चार्ज की भारी-भरकम बढ़ोतरी थोपना भाजपा सरकार की जनविरोधी मानसिकता का एक और प्रमाण है। महंगाई से पहले ही त्रस्त जनता की जेब पर अब नगर निगम ने सीधा डाका डालने का काम किया है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे की तिकड़ी जनता को लगातार आर्थिक बोझ के नीचे दबाने का काम कर रही है। चुनाव के समय विकास और राहत के बड़े-बड़े वादे करने वाली भाजपा सरकार अब हर मोर्चे पर जनता से वसूली करने में लगी हुई है। 500 वर्गफीट तक के छोटे मकानों का यूजर चार्ज 30 से बढ़ाकर 40 रुपए, 1000 वर्गफीट मकानों पर सालाना 1080 रुपए और छोटी दुकानों का शुल्क 80 से बढ़ाकर सीधे 180 रुपए की वृद्धि यह साफ दर्शाता है कि भाजपा सरकार गरीब, मध्यमवर्गीय परिवारों और छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ने पर आमादा है।






# भाजपा संगठन ने लिया निगम, मंडल, आयोग के अध्यक्षों का रिपोर्ट कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में छत्तीसगढ़ के विभिन्न निगमों, मंडलों और आयोगों के कामकाज की समीक्षा बैठक हुई। इसमें सभी से अब तक किए गए कामों का पूरा रिपोर्ट कार्ड लिया गया। बैठक में इन संस्थाओं के अध्यक्षों की उपस्थिति में आगामी कार्ययोजनाओं, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और संगठनात्मक समन्वय पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने संबोधित किया और पदाधिकारियों को सेवाभाव के साथ काम करने का मंत्र दिया। किरण देव ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार विकास के नए आयाम छू रही है। इस विकास यात्रा में निगमों और मंडलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री देव ने कहा कि सभी अध्यक्ष अपने-अपने विभागों के कामकाज की नियमित समीक्षा करें ताकि योजनाओं में गति बनी रहे। अजय जामवाल ने कहा कि निगम, मंडल और आयोग केवल प्रशासनिक पद नहीं हैं, बल्कि ये जनता की सेवा और सरकार की नीतियों को धरातल पर उतारने के सबसे सशक्त माध्यम हैं। पवन साय ने संगठनात्मक दृष्टिकोण और कार्यपद्धति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस कसौटी पर खरा उतरना हर पदाधिकारी का कर्तव्य है। बैठक के दौरान सभी निगम, मंडल और आयोग के अध्यक्षों ने अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

## सभी को दी गई सेवा भाव से काम करने की नसीहत



### जीत पर जनता के प्रति किया आभार व्यक्त

*योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा व मत्स्य विकास निगम के अध्यक्ष भारत मटियारा को इस बैठक मे श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को मिली जीत पर जनता के प्रति आभार व्यक्त किया गया।*

## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर, सड़क सुरक्षा के लिए किया जागरूक



**रायपुर।** सुरक्षित भवः फाउंडेशन, रायपुर ट्रैफिक पुलिस, राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी, अपना ब्लड सेंटर एवं रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को जीएसटी कार्यालय, पुजारी पार्क के सामने, रायपुर में रक्तदान शिविर एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान आईआरएस शैलेंद्र कुमार कमिश्नर (अपील), आईआरएस शिवी सांगवानजॉइंट डायरेक्टर, सलमान इम्तियाज हुसैनी, अतिरिक्त सहायक निदेशक, डीसीपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर, डॉ. संदीप धुप्पड़ चेयरमैन सुरक्षित भवः फाउंडेशन, डॉ. केशव राव, डायरेक्टर सुरक्षित भवः फाउंडेशन ने अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय सुरक्षित भवः फाउंडेशन की डिप्टी डायरेक्टर निधि अग्रवाल ने किया। जीएसटी इंस्पेक्टर योगेश मौर्या का सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर फाउंडेशन के सदस्य बलविंदर सिंह, ऋषित कुमार सोनी ,मैत्री व्यास, देवाशीष, रक्षा, सुरक्षा, लक्ष्मण, रोहित, अपना ब्लड बैंक रायपुर से अभय जैन, सागर साहू, गजेंद्र साहू, खूबचंद वर्मा, पंकज, मयंक, हिमांशु एवं आदित्य सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### जंतर-मंतर के सीजेपी प्रदर्शन में शामिल होगी जकांछ पार्टी

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसढ़ जे के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा हमें गर्व है कि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) देश की पहली और अभी तक की एकमात्र मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टी है, जो 6 जून के जंतर-मंतर के सीजेपी प्रदर्शन में भाग ले रही है। उम्मीद है, हम आखिरी नहीं होंगे। 6 जून को जंतर मंतर नई दिल्ली में पार्टी का प्रतिनिधित्व हमारे महासचिव नीलेश चौहान करेंगे। उन्होंने कहा, हम डीएनए से कांग्रेसी हैं। यह हमारी पहचान है, हमारी विरासत है, लेकिन आज के भारत में जहां दशकों पुरानी पार्टियां टीएमसी और शिवसेना जैसी रातों-रात ऑपरेशन लोटस की भेंट चढ़ जाती हैं, कांग्रेसी होने के लिए भी तिलचट्टा बनना पड़ेगा। यानी हर दबाव में, हर खतरे में, अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता को दाँव पर लगाकर भी टिके रहना। उन्होंने कहा, हम जनता कांग्रेस में यह जानते हैं, हम वहां रह चुके हैं और इसीलिए अभिजीत दीपके का साहस हमें छूता है, वे आज के भारत में वापस लौट रहे हैं।

### हज के लिए आवेदन प्रक्रिया अतिशीघ्र होगी प्रारंभ

**रायपुर।** हज-2027 के लिए आवेदन की प्रक्रिया की घोषणा अतिशीघ्र किया जाना संभावित है। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मिर्जा एजाज बेग ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया मुंबई के सर्कुलर 1 से प्राप्त सूचना अनुसार हज-2027 की आवेदन प्रक्रिया की घोषणा शीघ्र ही हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा की जाएगी। श्री बेग ने कहा है कि 2027 में हज कमेटी के माध्यम से हज यात्रा पर जाने के इच्छुक समस्त संभावित आजमीने हज, जो 31 दिसंबर 2027 तक या उससे अधिक की वैधता युक्त अपना मशीन रीडेबल इंटरनेशनल पासपोर्ट तैयार कर लें, जिससे हज कमेटी ऑफ इंडिया से हज 2027 की घोषणा होने पर वे अपना आवेदन समय पर प्रस्तुत कर सकें। ऐसे आवेदक, जो नए पासपोर्ट के लिए आवेदन कर रहे हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने पासपोर्ट में अपना सरनेम, लास्ट नेम जरूरी तौर पर दर्ज करें।

## सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किया आदेश

# भ्रष्टाचार के मामलों में अब 45 दिनों में मिल सकेगी मुकदमे की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के शासकीय सेवकों और कर्मचारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार के मामलों में अभियोजन स्वीकृति देने की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं समयबद्ध बना दिया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी नए निर्देशों के अनुसार अब सरकारी विभागों को तय समय-सीमा के भीतर अभियोजन से जुड़े फैसलों का निपटारा करना अनिवार्य होगा। खास बात ये है कि यदि नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी को लगता है कि मामला अभियोजन योग्य है, तो उसे आवेदन मिलने की तारीख से 45 दिनों के भीतर स्वीकृति जारी करनी होगी ।

इस संबंध में राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने शासन के सभी विभाग, सभी विभागाध्यक्ष सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टर और सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश जारी किया है। यह भी साफ किया गया है कि यदि प्राधिकारी अन्वेषण अभिकरण की राय से असहमत हैं, तो उन्हें 30 दिनों के भीतर अपनी असहमति के ठोस कारणों के साथ मामला विधि विभाग को भेजना होगा। इन सभी प्रक्रियाओं को अधिकतम 3 महीने (90 दिन) की समय-सीमा में पूरा करना अनिवार्य कर दिया गया है।



### क्या है नए नियमों का मुख्य आधार

सरकार ने इस दिशा-निर्देश में स्पष्ट किया है कि अभियोजन स्वीकृति का निर्णय लेते समय संबंधित अधिकारी को अपने विवेक का उपयोग करना होगा और एक 'स्पीकिंग ऑर्डर' जारी करना होगा । स्वीकृति आदेश की नोटशीट में इस बात का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए कि आरोपी कर्मचारी के विरुद्ध बयानों, जब्ती मेमो और अन्य सुसंगत दस्तावेजों का अध्ययन किया गया है । निजी परिवाद के मामलों में, संबंधित लोक-सेवक को अपना पक्ष रखने के लिए सुनवाई का अवसर देना अनिवार्य होगा ।

### अखिल भारतीय सेवाओं के लिए विशेष प्रक्रिया

अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों के मामलों में विधि विभाग प्रशासकीय विभाग के अभिमत का परीक्षण करेगा और समन्वय के बाद आदेश प्राप्त करेगा । सरकार ने इस आदेश में आउटसोर्स कर्मचारियों और मानदेय पर काम करने वाले कर्मियों को लेकर भी स्थिति स्पष्ट की है । चूँकि राज्य सरकार या कोई सरकारी निकाय इनका सीधे 'नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी' नहीं होता है, इसलिए इन श्रेणियों के कर्मचारियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार के मामलों में अभियोजन स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी। ऐसे मामलों में सीधे अभियोजन की कार्यवाही की जा सकेगी।

### साक्ष्य के लिए बार-बार बुलाने की जरूरत नहीं

नए नियमों के तहत, अभियोजन स्वीकृति के आदेशों को लोक दस्तावेज माना गया है। इसका मतलब यह है कि इसे अदालत में प्रमाणित करने के लिए संबंधित अधिकारी को बार-बार साक्ष्य देने के लिए व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, यदि आरोपी आदेश की वैधानिकता या अधिकारी की सक्षमता को चुनौती देता है, तो न्यायालय कानून के प्रावधानों के तहत अधिकारी को तलब कर सकता है।

# सीएम साय ने महतारी वंदन योजना की किस्त जारी की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना की 28वीं किस्त जारी करते हुए प्रदेश की 68 लाख 54 हजार महिलाओं के बैंक खातों में 642 करोड़ 27 लाख रुपये से अधिक की राशि अंतरित की।

- 68 .54 लाख महिलाओं के खातों में अंतरित हुए 642 .27 करोड़ रुपये

मुख्यमंत्री ने कहा, किसी भी समाज और राज्य की प्रगति तब तक पूर्ण नहीं हो सकती, जब तक महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और सामाजिक रूप से सम्मानित न किया जाए। महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता को भी मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा, यह योजना प्रदेश की माताओं और बहनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव का आधार बन रही है।

### अब तक 18165 करोड़ से अधिक जारी

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 1 मार्च 2024 से प्रारंभ हुई महतारी वंदन योजना के अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। जून 2026 में जारी 28वीं किस्त के साथ ही योजना के अंतर्गत अब तक प्रदेश की महिलाओं को कुल 18 हजार 165 करोड़ 19 लाख रुपये से अधिक की सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। यह राशि महिलाओं के जीवन में आर्थिक स्थिरता और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### सरकार का लक्ष्य शासन की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें

मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी सोच के अनुरूप सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर और नारायणपुर में संचालित नियद नेल्लानार अभियान के माध्यम से 7 हजार 770 नई महिलाओं को महतारी वंदन योजना से जोड़ा गया है। उन्होंने कहा, योजना आज केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने वाली योजना नहीं रह गई है, बल्कि यह महिलाओं के सम्मान, विश्वास और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रतीक बन चुकी है।

# यूथ कांग्रेस : महासचिव बनने 600 उम्मीदवारों ने दिया साक्षात्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

यूथ कांग्रेस चुनाव को लेकर प्रदेश में गहमा-गहमी तेज हो गई है। गुरुवार को महासचिव पद के लिए लगभग 600 उम्मीदवारों ने साक्षात्कार दिए। इंटरव्यू के आधार पर इनमें से 150 उम्मीदवारों की सूची बनाई जाएगी, जो महासचिव पद पर चुनाव लड़ सकेंगे। सूची जून के पहले पखवाड़े में जारी होने की संभावना है।

- दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुआ साक्षात्कार चलता रहा रात्रि 10 बजे तक
- छत्तीसगढ़ में यूथ कांग्रेस महासचिव के 54 पद, 12 पद छोड़कर शेष आरक्षित

गुरुवार दोपहर 12 बजे साक्षात्कार प्रारंभ हुआ। कैंडिडेट्स को संभाग आधार पर टाइम-स्लॉट दिया गया था। साक्षात्कार रात्रि 10 बजे तक चलता रहा। छत्तीसगढ़ यूथ कांग्रेस में महासचिव के 54 पद हैं। इनमें से 12 सीटें ही सबसे लिए खुली हैं, जबकि शेष में आरक्षण लागू है। रायपुर संभाग से महासचिव पद के साक्षात्कार में शामिल होने वाले यूथ कांग्रेस के वर्तमान मीडिया चेयरमैन तुषार गुहा, मनहरण वर्मा, राज चंद्राकर, सतीश ठाकुर, विराट चंद्राकर सहित यूथ कांग्रेस के पुराने सदस्य भी शामिल रहे।

### प्रदेशाध्यक्ष के लिए मुहर नहीं

यूथ कांग्रेस चुनाव के लिए सदस्यता अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। जिलाध्यक्ष के दावेदारों के लिए पहले ही साक्षात्कार हो चुके हैं। अन्य पदों के लिए भी संभावित उम्मीदवार अपने स्तर पर प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, लेकिन अध्यक्ष पद के लिए अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव वे कैंडिडेट्स ही लड़ सकेंगे, जिनके नाम हाई परफार्मर सूची में रहेंगे। अब तक यह सूची तैयार नहीं की जा सकी है। इस सूची में शामिल होने यूथ कांग्रेस के विभिन्न पदों के वर्तमान पदाधिकारियों सहित एनएसयूआई से यूथ कांग्रेस में प्रवेश करने वाले कार्यकर्ता भी परिश्रम कर रहे हैं।

# हड़ताल से 14 हजार से अधिक प्रकरणों की सुनवाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने राजापुर की घटना को लेकर 29 मई से हड़ताल शुरू की। 1 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की घोषणा की। हड़ताल शुरू होने के समय ही प्रदेश के तहसील कार्यालयों में लगभग 14,223 राजस्व प्रकरणों में सुनवाई तय थी, जो प्रभावित हुई। वहीं इस दौरान हड़ताल के कारण हजारों नए प्रकरण भी दर्ज हुए। हड़ताल में करीब 500 तहसीलदार और नायब तहसीलदार काम से दूर रहे, जिससे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाणपत्र और राजस्व न्यायालयों की सुनवाई प्रभावित हुई। तहसील कार्यालयों में सुनवाई स्थगित करनी पड़ी। 2–5 जून के लिए निर्धारित कई मामलों की अगली तारीख एक सप्ताह आगे बढ़ा दी गई।

- तीन दिन की हड़ताल से तहसील कार्यालयों में पेशी की तारीख एक सप्ताह आगे बढ़ी

राजस्व अदालतों की सुनवाई, प्रमाणपत्र जारी करने और भूमि संबंधी कार्य प्रभावित रहे, लेकिन लंबित मामलों की संख्या सार्वजनिक नहीं की गई। बताया गया है कि गुरुवार से काम पर लौटने के बाद कामकाज शुरू हो गया है। बताया गया है कि प्रदेश में भूमि संबंधी प्रकरणों के साथ ही राजस्व के मामले बड़ी संख्या में लंबित है। इनमें दुर्ग जिले में सबसे अधिक 9296, रायपुर जिले में 5182, बिलासपुर में 4920, रायगढ़ में 4884, राजनांदगांव में 3960 राजस्व प्रकरण लंबित है। वैसे देखा जाए तो इन प्रकरणों में पूरे राज्य में नामांतरण के 24 हजार 143, बंटवारा के 7534 और सीमांकन के 5372 प्रकरण लंबित हैं। इन प्रकरणों की नियमित सुनवाई नहीं होने के कारण इसकी संख्या बढ़ी है।



### लंबित होने के अन्य कारण

अधिकारियों ने बताया कि राजस्व के प्रकरणों में जिला स्तर पर नियमित सुनवाई के बाद भी कई कारणों से बंटवारा,नामांतरण, फौती के प्रकरण लंबित रहते हैं। ऐसे मामलों में पक्षकारों के उपस्थिति पर भी निर्भर करता है। इन कारणों से राजस्वअधिकारी आगे की तारीख दे देते हैं। वहीं इन कार्यों के अलावा प्रशासनिक कार्य का बोझ अधिक होने के अलावा चुनाव, जनगणना और अन्य कार्यों के कारण प्रकरणों की सुनवाई पर भी असर पड़ता है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर बोले केदार

# हरियर छत्तीसगढ़ हमारी पहचान संरक्षण और संवर्धन हमारी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्व पर्यावरण दिवस पर वन मंत्री केदार कश्यप ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, छत्तीसगढ़ अपनी समृद्ध वन संपदा, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के कारण देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। राज्य सरकार प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को विकास की मूल धुरी मानकर कार्य कर रही है।

- जनभागीदारी से पर्यावरण संरक्षण का मॉडल बन रहा है छत्तीसगढ़

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में वन संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के लिए अनेक अभिनव पहलें की जा रही हैं। पिछले दो वर्षों में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के माध्यम से करोड़ों पौधों का रोपण किया गया है। इससे जनभागीदारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया है। उन्होंने बताया कि राज्य के लगभग 44 प्रतिशत भूभाग पर वन क्षेत्र है, जो देश के प्रमुख वनाच्छादित क्षेत्रों में से एक है। वनों के संरक्षण के साथ-साथ उनके वैज्ञानिक प्रबंधन, प्राकृतिक पुनर्जनन और वृक्षारोपण के माध्यम से हरित क्षेत्र को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

### वन्य जीवों की संख्या में वृद्धि

वन मंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय उद्यानों, टाइगर रिजर्वों और अभयारण्यों में वन्यजीवों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। हाल ही में उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में मध्यप्रदेश के राजकीय पक्षी दूधराज द्वारा घोंसला निर्माण का दुर्लभ दृश्य दर्ज किया गया, जो राज्य की समृद्ध जैव विविधता और सुरक्षित प्राकृतिक आवासों का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि वन विभाग द्वारा पिछले दो वर्षों में वन क्षेत्रों में हजारों जल संरक्षण संरचनाओं, तालाबों और जलस्रोतों का निर्माण एवं पुनर्जीवन किया गया है। इनसे वन्यजीवों को वर्षभर पानी उपलब्ध हो रहा है तथा भूजल स्तर में भी सुधार हो रहा है।

## ईरान से आने वाला मामरा बादाम चार हजार के पार, पिस्ता के दाम पहुंचे 32 सौ रुपए किलो

# ड्राई फ्रूट्स बाजार में जंग की कड़वाहट, दाम में 30 फीसदी तक गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ईरान के साथ इजरायल और अमेरिका की जंग चल रही है। ऐसे में ड्राई फ्रूट्स के दाम में भी भारी गर्मी आ गई है। आवक कम होने से दाम 30 फीसदी तक बढ़ गए हैं। दाम ज्यादा होने के कारण डिमांड भी कम हो गई है। ईरान से आने वाला बड़ी साइज का मामरा बादाम थोक में चार हजार के पार हो गया है। अन्य बादाम के दाम 26 सौ से 3000 हजार रुपए हैं। इसी तरह से ईरानी पिस्ता के दाम तीन हजार के पार हो गए हैं। कुल मिलाकर ड्राई फ्रूट्स बाजार में जंग की कड़वाहट घुल गई है।

कारोबारियों का कहना है कि दिल्ली सहित देश के बड़े बाजारों में जो स्टॉक था, वह अब समाप्त हो गया है। जब तक स्टॉक था, तब तक ज्यादा असर नहीं था, लेकिन अब कीमत में भी आग लग गई है। अब तो आवक भी कम हो गई है। दूसरे देशों से घूमकर आने के कारण दाम ज्यादा हो गए है। वैसे इस समय त्योहारी सीजन न होने के कारण डिमांड उतनी ज्यादा नहीं है, लेकिन ड्राई फ्रूट्स की मांग सालभर रहती है।

### काजू-किशमिश के दाम ज्यादा

इस समय प्रदेश में काजू और किशमिश के दाम ज्यादा है। थोक कारोबारियों के मुताबिक बीते साल अंगूर की फसल कम होने के कारण ही किशमिश के दाम डबल हो गए थे, जो अब तक चल रहे हैं। जो किशमिश पहले थोक में 225 से 250 रुपए तक थी, वो अब थोक 430 रुपए हो गई है। चिल्हर में यह छह सौ रुपए बिक रही है। हरी किशमिश के दाम में भी दो सौ रुपए का इजाफा हो गया है। यह पांच सौ से बढ़कर सात सौ रुपए हो गई है। चिल्हर में यह 800 सौ बिक रही है। इसी तरह से काजू के बीजों की कमी के कारण काजू के दाम भी बढ़ गए हैं। इस समय काजू थोक में 700 रुपए से 17 सौ रुपए तक है। चिल्हर में इसके दाम 800 से 2000 रुपए तक हैं।



### मामरा बादाम चार हजार के पार

जहां ईरान से मामरा बादाम आता है, वहीं अफगानिस्तान से अंजीर और मुनक्का आता है। सबसे अच्छी क्वालिटी के मामरा बादाम के दाम अब थोक में चार हजार के पार हो गए हैं। इसके दाम पहले 35 सौ रुपए के करीब थे, लेकिन अब बढ़कर दाम 42 सौ रुपए हो गए हैं। चिल्हर में इसके दाम साढ़े चार हजार रुपए हैं। इसके अलावा ईरान से आने वाला कुछ कम साइज वाला मामरा बादाम 26 सौ से तीन हजार हो गया है। यह पहले 22 से 26 सौ रुपए था। अफगानिस्तान के बादाम का दाम 18 सौ से 26 सौ रुपए है। जहां तक सामान्य बादाम की बात है तो इसके दाम 800 से 12 सौ रुपए तक हैं।

### अंजीर के दाम कम

इस समय अंजीर के दाम बहुत कम हैं। इसका कारण यह है कि इसकी फसल बहुत ज्यादा हो गई है। ऐसे में पहले जो 24 सौ रुपए किलो मिलती थी, वह इस समय 16 सौ रुपए में मिल रही है। इसी तरह से 16 सौ रुपए वाली अंजीर आठ से नौ सौ रुपए किलो बिक रही है। मुनक्का के दाम इस समय 600 से 800 रुपए किलो हैं। ईरानी पिस्ता की कीमत तीन हजार के पार हो गई है। यह पहले 28 सौ रुपए किलो था, जो अब 32 सौ रुपए किलो हो गया है। अन्य पिस्ता 23 से 25 सौ रुपए थोक में और चिल्हर में इसके दाम 25 से 27 सौ रुपए हैं। अमेरिकन पिस्ता 15 सौ रुपए किलो है।



## प्रदेश के हजारों घरों में हो रहा जैव उर्वरक का सफल उपयोग
## बिना बदबू के टैरेस गार्डन के लिए तैयार हो रही संजीवनी

# पर्यावरण बचाने 14 साल के शोध का परिणाम 'बली वैश्य', अब कचरे से तैयार हो रही जैविक खाद

रायपुर। प्रदेश के बायोटेक वैज्ञानिक ने कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ी कामयाबी हासिल की है। डॉ. प्रशांत शर्मा के 14 सालों के कड़े शोध का परिणाम बली वैश्य अब राजधानी सहित प्रदेश के हजारों घरों में अपना कमाल दिखा रहा है। इस अनोखे जैव उर्वरक कल्चर के उपयोग से अब घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे से महज 20 दिनों के भीतर ही उच्च गुणवत्ता युक्त जैविक खाद बन रही है। प्रयोग के तौर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में यह होम कम्पोस्टिंग जिन परिवारों को दी गई है, उनके घरों का कचरा अब डंपिंग यार्ड तक जाने के बजाय घर पर ही खाद में तब्दील हो रहा है।

### पौधों और नगरीय निकायों के लिए साबित हो रहा वरदान




महज 30 दिनों में यह कचरा गलकर एक ऐसी जैविक खाद बन रहा है, जिसमें पौधों के लिए जरूरी हॉर्मोन्स, नाइट्रोजन और कैल्शियम प्रचुर मात्रा में मौजूद हैं। यह खाद लोगों के टैरेस और किचन गार्डन के पौधों की वृद्धि के लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। इसके साथ ही, यह पहल शहरी कचरा प्रबंधन के लिए भी बड़ी राहत बन गई है। डॉ. प्रशांत के अनुसार, जो परिवार इसका उपयोग कर रहे हैं, वे अपने घर के लगभग 70 प्रतिशत कचरे का इस्तेमाल खुद कर ले रहे हैं। कचरे का घरों में ही निपटान होने से न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो रहा है, बल्कि नगर निगम के कचरा परिवहन और उसकी छंटाई पर आने वाले भारी-भरकम खर्च और दबाव में भी कमी आ रही है।



### बिना बदबू के ऐसे तैयार हो रही खाद

डॉ. प्रशांत शर्मा ने लैब में विशेष बैक्टीरिया, एंजाइम और लकड़ी के बुरादे के मिश्रण से यह जैविक अपघटक तैयार किया है। वैज्ञानिक भाषा में यह लिक्विड कार्बन पैदा करता है, जो कचरे को बेहद तेजी से गलाने का काम कर रहा है। लोग अपने किचन से निकलने वाले रोजमर्रा के कचरे को एक ढक्कन युक्त बाल्टी में डालकर उस पर सिर्फ एक चम्मच बली वैश्य डाल रहे रहे हैं। ताजे कचरे में प्राकृतिक रूप से बैक्टीरिया नहीं होते, लेकिन इस कल्चर को डालते ही सब्जियां, खाद्य पदार्थ और सूखी पत्तियां तेजी से सड़ने लगती हैं। इस नवाचार की सबसे बड़ी खासियत यह है कि कचरा गलने की इस पूरी प्रक्रिया में जरा-सी भी बदबू नहीं आती है।

### छत पर बागवानी, 500 गमलों में रोपे फल और सब्जियां



शहर के गोलबाजार निवासी श्याम गुप्ता और उनकी पत्नी राखी गुप्ता सोसायटी को पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा दे रहे हैं। श्याम व राखी ने बताया कि पिछले एक साल से उन्होंने जैविक पद्धति से 500 गमलों में अंजीर, शहतूत, आम, अमरूद, जाम, नीबू, मौसमी, सेब, अंगूर आदि के पौधे रोपे हैं। वहीं सब्जियों व मसालों के भी पौधे लगाए हैं। श्याम ने बताया कि इस टैरेस गार्डन से मेरे घर सहित आसपास का वातावरण अधिकतम तापमान के प्रभाव से बच रहा है। वहीं हमारे परिवार को बिना केमिकल वाले हेल्दी फल, सब्जियां मिल रही हैं। हम दोनों पति-पत्नी अपने इस टैरेस गार्डन की नियमित देखभाल करते हैं। हमें देखकर सोसायटी के दूसरे लोग भी हमसे ऐसा गार्डन विकसित करने मार्गदर्शन लेने आते हैं।



### पर्यावरण संरक्षण की ऐसी जिद कि टैरेस को बना दिया जंगल

शहर की हरियाली दीदी पुष्पा साहू पर्यावरण संरक्षण की मिसाल व प्रेरणा बनी हैं। उन्होंने पिछले 5 सालों से लगातार अपने घर के छत पर 500 से अधिक फल व मसालों के पौधे रोपकर टैरेस पर जंगल की हरियाली विकसित करने का अद्भुत कारनामा किया है। यह उनके प्रकृति प्रेम को दर्शाता है। हरियाली दीदी पुष्पा साहू ने बताया कि वे सुबह शाम इन पौधों की आपने परिवार के सदस्यों की तरह देखभाल करती हैं। इससे उनके घर का तापमान गर्मी के मौसम में भी एसी की तरह कूल रहता है। ये सभी पौधे जैविक खाद से विकसित हुए हैं। टैरेस गार्डन में आम, नीबू, चीकू समेत मसाले, सब्जियों आदि के पौधे लगे हैं।




**200 से अधिक ने प्रेरित होकर टैरेस पर पौधे रोपे** : उनके इस टैरेस जंगल को देखने राज्यभर से उद्यानिकी विशेषज्ञ, पर्यावरणविद और प्रकृति प्रेमी पहुंच रहे हैं। वहीं प्रदेशभर में हरियाली दीदी से प्रेरित होकर करीब 200 से अधिक लोगों ने अपने घरों के टैरेस पर पौधे रोपकर गार्डन विकसित किए हैं।

---

## सोशल इवेंट

### कार्टूनिस्टों ने पर्यावरण की बदलती तस्वीर को कार्टून में उतारा





रायपुर। विश्व पर्यावरण दिवस पर अखिल भारतीय कार्टून प्रतियोगिता का आयोजन कार्टून वॉच पत्रिका ने छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सहयोग से किया। कार्टून वॉच पत्रिका के संपादक त्र्यंबक शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता देश में अब तक सबसे ज्यादा वर्षों से चलने वाली कार्टून प्रतियोगिता बन चुकी है। हर साल यह प्रतियोगिता यूएनईपी द्वारा घोषित थीम पर ही आयोजित की जाती है। इस वर्ष यूएनईपी की थीम "नाउ फॉर क्लाइमेट" है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का इंतजार पूरे देश के कार्टूनिस्टों को होता है और इसमें सभी उम्र के लोग सहर्ष हिस्सा लेते हैं। इस साल सबसे ज्यादा कार्टून जलवायु परिवर्तन और बढ़ती गर्मी पर आए। उसके बाद पृथ्वी को सूरज की तरह तपता दिखाने वाले कार्टून और पृथ्वी द्वारा संकेत देने वाले कार्टून भी अलग-अलग कार्टूनिस्टों ने बनाए। इसके अलावा अनेक लोगों ने बढ़ती गर्मी को युद्ध से जोड़ा और कुछ ने घरों में एसी के बढ़ते उपयोग को दर्शाते हुए कार्टून बनाएं। गुरुवार को पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर इस प्रतियोगिता के पुरस्कार घोषित किए गए। दस हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार हैदराबाद के एसवी रमणा एवं जम्मू के मनोज चोपड़ा के बीच बांटा गया। सात हजार रुपए का द्वितीय पुरस्कार हैदराबाद के वर्चस्वी और ओडिशा के देबाशीष के बीच तथा पांच हजार रुपए का तृतीय पुरस्कार केरल के अनूप और रायपुर के कर्नल रमेश के बीच विभाजित किया गया।



#### पुरस्कार जीतने वाले प्रतिभागी

कोल्हापुर से विजय मुसाले, तेलंगाना से वी. नागराज, नागपुर से उमेश चरोले, पुणे से खलील खान और गोपीनाथ, बेंगलुरु से रघुपति, हैदराबाद से एन. धीरजा, दिल्ली से निर्झर सोम, मुंबई से नितिन बंगाले, हैदराबाद से बाची, पेंडेला और केके वल्लूरी, नेल्लोर से राम शेषु, कर्नाटक से शैलेश उजरे, विशाखापट्टनम से कश्यप, हैदराबाद से शब्बीर, जम्मू से विराज, गोवा से स्मिता कामथ, हैदराबाद से योगेश शेट्टीगर तथा जय गुप्ता पुरस्कार विजेता रहे, जिन्हें 1-1 हजार रुपए का पुरस्कार जीता है।




---

# देशभर के सीए विद्यार्थियों का होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

रायपुर। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (आईसीएआई) बोर्ड ऑफ स्टडीज (ऑपरेशंस) के तत्वावधान में रायपुर शाखा (सीआईआरसी) एवं सिकासा द्वारा राष्ट्रीय सीए छात्र सम्मेलन कर्तव्य 2026 का आयोजन 6 एवं 7 जून को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में किया जाएगा। एसवायएनसी- स्ट्रेटेजी, यूथ नेटवर्क एंड चेंज थीम पर आधारित राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से 1000 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंसी विद्यार्थी भाग लेंगे। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान, नेतृत्व क्षमता, व्यक्तित्व विकास, प्रेरणा, राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता एवं नेटवर्किंग के अवसर प्रदान करना है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित वक्ताओं, प्रेरणादायी व्यक्तित्वों एवं विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया जाएगा। कार्यक्रम में तकनीकी सत्र, प्रेरणादायी व्याख्यान, पेपर प्रेजेंटेशन, संवादात्मक चर्चा एवं सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे।



### शैक्षणिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा

इस सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में राज्यपाल रमेन डेका, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। रायपुर शाखा की अध्यक्षा सीए रश्मि वर्मा ने बताया कि यह सम्मेलन विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा बल्कि उन्हें नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास एवं जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने प्रेरित भी करेगा। वहीं सिकासा अध्यक्ष सीए संस्कार अग्रवाल ने देशभर के सीए विद्यार्थियों से इस राष्ट्रीय आयोजन में अधिकाधिक संख्या में सहभागिता निभाने का आव्हान किया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का कल अनावरण करेंगे राज्यपाल



रायपुर। महाराष्ट्र मंडल में शनिवार 6 जून को छत्रपति शिवाजी महाराज की सिंहासनास्थ प्रतिमा का अनावरण राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। विशेष अतिथि महापौर मीनल चौबे होंगी। मंडल के कार्यकारिणी सदस्यों व विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों व महिला केंद्रों की संयोजिकाओं-सह संयोजिकाओं की तैयारी बैठक में अनेक समितियां गठित की गई हैं। कार्यक्रम को गरिमामय और भव्य बनाने के लिए पदाधिकारियों के सुझाव भी गुरुवार को हुई बैठक में लिए गए। इसका संचालन सचिव चेतन दंडवते ने करते हुए बताया कि राजनीतिक जनप्रतिनिधियों की तुलना में राज्यपाल का डेकोरम बिल्कुल अलग और सख्त रहता है। ऐसे में पहला दायित्व लोकभवन की ओर से आने वाली सुरक्षा व प्रशासनिक टीम के साथ सहयोग करना है।

इस आयोजन के बीच राज्यपाल सभागृह के कुमुदिनी वरवंडकर स्मृति रंगमंच पर होंगे, ऐसे में सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम मंच के सामने रिक्त स्थान पर ही होंगे। इस मौके पर श्री दंडवते ने स्वागत समिति, बैठक व्यवस्था समिति, स्टेज समिति, प्रतिमा अनावरण समिति, चित्र प्रदर्शनी समिति, रंगोली समिति, नाश्ता समिति, पार्किंग-ट्रैफिक समिति सहित अनेक समितियों का गठन कर पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी सौंपी। अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा, पदाधिकारियों की जिम्मेदारी दी गई है।

---

## सोशल इवेंट

### आदिशक्ति सम्मान-2026 का हुआ आगाज बच्चियों-महिलाओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा



रायपुर। भाठागांव चौक स्थित एक होटल में आदिशक्ति जश्न एवं सम्मान-2026 के पहले सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आयोजक कविता सिंह और जितेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि इस अनूठी प्रतियोगिता में 6 वर्ष की नन्हीं बच्चियों से लेकर 74 साल तक की बुजुर्ग महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने अपनी बेहतरीन कला और प्रतिभा से वहां मौजूद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह की मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 'बाल संरक्षण' का महत्व समझाते हुए उपस्थित अभिभावकों को बच्चों की सुरक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए उचित मार्गदर्शन दिया। डॉ. शर्मा ने मंच से सभी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

#### नृत्य प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रसिद्ध मॉडल और 'मिसेज क्लासिक इंडिया' विनर अनुराधा ठेठवार बतौर जूरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में नव्या केशकर ने प्रथम, श्वेता भावनाकर ने द्वितीय और सोनू बलवड़ ने तृतीय पुरस्कार अपने नाम किया। वहीं अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट शाहिना इरफान, दीक्षा अग्रवाल और ब्यूटीशियन मनप्रीत कौर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। एंकर लक्ष्य टारगेट ने अपने शानदार मंच संचालन से पूरे कार्यक्रम को बांधे रखा। इस भव्य अवसर पर अजंता चौधरी, डॉ. गोपा शर्मा, लक्ष्मी नारायण लाहोटी, सुरेश कुमार सुखीजा, अनिकेता भारद्वाज, तपस्विनी सदावर्ती, खुशबू शर्मा, कृष्णा बहादुर क्षत्रिय, डॉ. नीना मोइत्रा, कविता राठी, डॉ. कविता कुंभज, दीपाक्षा जैन, अर्चना शर्मा, मनोज पंजवानी, इन्फ्लुएंसर रवि शर्मा, लाली सोनी और आरती शुक्ला सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

कार्नर न्यूज



### कवरेज विथ चेंज में देश की पहली महिला आईपीएस डॉ. किरण बेदी ने साझा की साहस से बदलाव की कहानी

# 9 महीने इंतजार के बाद जब तिहाड़ जेल आईजी की पोस्ट मिली तो साथियों ने कहा- ये पद नहीं पनिशमेंट है

रायपुर। आईपीएस सलेक्शन के बाद 9 से 10 महीने तक मुझे वेटिंग में रखा गया और कोई पोस्टिंग नहीं दी गई। इस लंबे इंतजार के बाद आखिरकार जब पोस्टिंग मिली तो वह आईजी तिहाड़ जेल के रूप में हुई। इस पर साथी व सीनियर्स ने कहा कि किरण को पद नहीं पनिशमेंट मिली है। जब जेल के अपने ऑफिस में पहली बार पहुंची तो वहां लगे कूलर को चालू करते ही चिड़िया का घोसला निकल आया और कुर्सियों के नीचे चूहे रेंगते मिले।

उक्त बातें देश की पहली आईपीएस महिला अफसर डॉ. किरण बेदी ने कही। वे यहां एफआईसीसीआई फ्लो रायपुर इकाई द्वारा आयोजित कवरेज विथ चेंज कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंची थीं। यह आयोजन गुरुवार को विमतारा में शाम 4 बजे हुआ। डॉ. किरण बेदी ने एफआईसीसीआई फ्लो रायपुर इकाई की महिला सदस्यों से साहस से अपने व समाज के जीवन में बेहतर बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आगे बताया कि कैसे तिहाड़ जेल की आईजी और पांडुचेरी की राज्यपाल रहते हुए चुनौतियों का छोटी सकारात्मक पहल से बड़े बदलाव को साकार बनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एफआईसीसीआई फ्लो रायपुर इकाई की महिला सदस्य मौजूद रहीं।

#### कैदियों को नशे की लत छुड़ाकर शिक्षा और योग से जोड़ा

वहीं जब महिला बैरक में पहुंची तो वहां बंदिनी व उसके साथ रह रहे बच्चे बेहद मैले-गंदे, अस्वस्थ हालत में दिखे। मैंने तुरंत स्टाफ को सफाई, चिकित्सा, योग, स्टडी क्लासेस, बच्चों के लिए स्कूल व अलग से रहने की व्यवस्था कराई। यह सब एक महिला आईपीएस होते हुए साहस के बल पर बदलाव कर सकी।



#### ग्रीन एंड क्लीन सिटी मुहिम से महिलाओं ने किया कमाल

डॉ. किरण बेदी ने बताया कि जब पांडुचेरी के राज्यपाल के तौर पर जिम्मेदारी संभाली तो सबसे पहले अपनी गाड़ी से लालबत्ती व सायरन हटवाए। यहीं फियरलेस गवर्नमेंट किताब लिखी। यहां महिलाओं के लिए ग्रीन व क्लीन सिटी मुहिम चलाई। इससे महिलाओं का बड़ा समर्थन मिला। आज पांडुचेरी राज्य स्वच्छ व सुंदर प्रदेश के तौर पर आगे बढ़ रहा है।

#### जब पहली बार तिहाड़ जेल में गूंजा- ऐ मालिक तेरे बंदे हम...

*डॉ. किरण बेदी ने बताया कि जब पहली बार तिहाड़ जेल के अंदर निरीक्षण को जाने की बात कही तो मेरे स्टाफ के सिपाही घबराने लगे। मैंने सिपाही को फटकारते हुए कहा, चलो, तो वह मेरे साथ आया, फिर जब मैं जेल के अंदर पहुंची तो मैंने सबसे पहले कैदियों के पास जाकर उनसे पूछा, क्या तुम प्रार्थना करते हो, जवाब आया नहीं, तो मैंने कहा, रोज प्रार्थना करोगे? एक कैदी ने कहा, हां करेंगे। मैंने सुबह कैदियों को प्रार्थना में ऐ मालिक तेरे बंदे हम...ऐसे हों हमारे करम, नेकी पर चलें और बदी से टलें, ताकि हंसते हुए निकले दम...गवाया। यह पहली बार था, जब तिहाड़ में प्रार्थना गीत गूंजा।*

# धरसींवा को उप रजिस्ट्रार कार्यालय की सौगात से 60 ग्राम के ग्रामीणों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा / कूरा / सिलयारी

विधानसभा क्षेत्र धरसींवा के ग्रामीणों के लिए एक बड़ी और बेहद राहत भरी खबर है। क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा के अथक और निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप धरसींवा ब्लॉक मुख्यालय में 'नवीन उप रजिस्ट्रार (उप पंजीयक) कार्यालय' की स्थापना होने जा रही है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस नवीन कार्यालय को जून से शुरू करने की आधिकारिक अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इस ऐतिहासिक फैसले से क्षेत्र के 60 गांवों के हजारों ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर ही यह सुविधा मिलने लगेगी।

- चुनाव में जनता से किया वादा आज पूरा हुआ, हर नागरिक का जीवन सुगम बनाना ही लक्ष्य : अनुज शर्मा

## विधायक अनुज शर्मा के प्रयासों का नतीजा

### रायपुर जाने की मजबूरी और खर्च से मिलेगी राहत

अब तक धरसींवा क्षेत्र के ग्रामीणों को जमीन-मकान की रजिस्ट्री और इससे जुड़े अन्य कामों के लिए राजधानी रायपुर के चक्कर काटने पड़ते थे। इससे स्थानीय जनता का समय और पैसा दोनों बर्बाद होता था, साथ ही भारी मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ती थी। विधायक अनुज शर्मा ने ग्रामीणों की इस व्यावहारिक समस्या को गंभीरता से समझा और शासन स्तर पर इसकी लगातार मजबूत पैरवी की। धरसींवा में ही उप रजिस्ट्रार कार्यालय खुलने से न केवल ग्रामीणों का काम आसान होगा, बल्कि क्षेत्र में राजस्व संबंधी कार्यों में भी तेजी आएगी।



### इन 60 गांवों को मिलेगा सीधा लाभ

धरसींवा के इस नए उप पंजीयक कार्यालय के अंतर्गत क्षेत्र के 60 गांवों को शामिल किया गया है, जिन्हें अब स्थानीय स्तर पर ही रजिस्ट्री की सुविधा मिलेगी। लाभान्वित होने वाले गांवों में कुरा (नगर पंचायत), भेरवा, पंडरभट्ठा, मुरा, भैंसमुड़ा, बरतनारा, अकोली, मनोहरा, देवरी, मेहरशखा, कुकेरा, कुथरैल, मौहागांव, मलौद, सिलयारी, कुरूद, पथरी, तरेसर, मंगसा, पवनी, निलजा, तर्रा, बरबंदा, नेउरडीह, नगरगांव, टोर, गिधौरी, गोढ़ी, मोंहदी, रैता, धरसींवा, तिवरैया, परसतराई, सिलतरा, मुनरेठी, टाडा, मांढर, गिरौद, सौंढ़रा, बहेसर, चिखली, कुम्हारी, सारागांव, दौंदेकला, दौंदेखुर्द, जरौदा, छपोरा, भुरकोनी, टेकारी, चरौदा, बाना, कपसदा, धनेली, सांकरा, निमोरा, कन्हेरा, लालपुर, मटिया, कारा और बोरझरा शामिल हैं।

**सरकार की पहल से राहत :** विधायक अनुज शर्मा ने इस बड़ी उपलब्धि पर क्षेत्र की जनता को बधाई देते हुए कहा, "धरसींवा मुख्यालय में उप रजिस्ट्रार कार्यालय की शुरुआत होना हमारे क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधा की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर है। हमारा मुख्य उद्देश्य शासकीय सेवाओं को जनता के द्वार तक पहुँचाना और उनके रोजमर्रा के संघर्षों को कम करना है। चुनाव के दौरान मैंने क्षेत्र की जनता से वादा किया था कि उन्हें छोटे-छोटे सरकारी कामों के लिए रायपुर की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी, आज वह वादा पूरा हो रहा है।

## खबर संक्षेप

### रेत और मुरुम का अवैध परिवहन, 4 हाईवा जब्त



**मंदिर हसौद।** रेत और मुरम के अवैध परिवहन में 04 हाइवा को जप्त करने की कार्यवाही स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई है। SDM अभिलाषा पैकरा ने आरंग मंदिर हसौद के बीच रेत एवं मुरूम परिवहन करते हुए 4 हाइवा को रोक कर आवश्यक कागजात की जाँच की तो उक्त वाहन चालको के पास कोई पीट पास नही मिला।अवैध रेत और मुरम परिवहन में चारो हाइवा को जप्त कर थाना मंदिरहसौद सुपुर्द कर दिया गया है।

### गायत्री पीठ का नवदंपति देव दंपति प्रशिक्षण 7 को

**अभनपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार खोरपा-भटगांव, अभनपुर द्वारा नवविवाहित एवं दाम्पत्य जीवन जी रहे दम्पत्तियों के लिए "नवदम्पति/देव दम्पति शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर" का आयोजन 7 जून रविवार को गायत्री प्रज्ञापीठ (गायत्री मंदिर) खोरपा-भटगांव में किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि शिविर विशेष रूप से उन दम्पत्तियों के लिए आयोजित किया जा रहा है जो विवाह सूत्र में बंध चुके हैं तथा अपने दाम्पत्य जीवन को सुखी, समुन्नत, गरिमापूर्ण, आनंदमय एवं सफल बनाना चाहते हैं। शिविर में वैवाहिक जीवन से जुड़े व्यावहारिक, वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान वर्तमान मोबाइल मीडिया एवं दूषित वातावरण के पारिवारिक जीवन पर प्रभाव, स्वाध्याय एवं आध्यात्मिक मंत्रों की उपयोगिता, संस्कारों का महत्व, बाल एवं किशोर युवाओं की विचारधारा तथा पारिवारिक सुख-शांति के लिए आध्यात्मिक वातावरण निर्माण जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्रश्नोत्तरी, शंका समाधान, युग संदेश एवं आशीर्वचन का भी आयोजन रहेगा। शिविर का शुभारंभ प्रातः 8 बजे पंजीयन, स्वागत एवं अल्पाहार से होगा तथा दिनभर विभिन्न सत्रों के माध्यम से दाम्पत्य जीवन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी नवदम्पतियों एवं दम्पत्तियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### पर्यावरण संरक्षण पर रील्स/वीडियो स्पर्धा

**आरंग।** पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए 'पीपला वेलफेयर फाउंडेशन छत्तीसगढ़' ने एक बेहद अनूठा और आकर्षक जनजागरण अभियान शुरू किया है। आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया की ताकत को पहचानते हुए संस्था ने युवाओं और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को पर्यावरण से जोड़ने के लिए एक 'वीडियो बनाओ, इनाम पाओ' प्रतियोगिता की घोषणा की है।

### निधन

**सोहद्रा चंद्राकर**

**आरंग।** ग्राम भिलाई निवासी सोहद्रा चंद्राकर का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके



अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे भीखलाल चंद्राकर की पत्नी व उमेन्द्र चंद्राकर की मां थीं।

## कार्रवाई : फर्जी मुख्तियारनामा और हस्ताक्षर कर करोड़ों की जमीन पर कब्जे की कोशिश

# थनौद की 200 एकड़ जमीन की फर्जी रजिस्ट्री मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

थाना अभनपुर पुलिस ने ग्राम थनौद की बहुमूल्य करोड़ों रुपये की भूमि की फर्जी रजिस्ट्री कराने और सुनियोजित धोखाधड़ी करने के मामले में एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने मामले के चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 179/2026 के तहत भारतीय दंड संहिता (भादवि) की धारा 420, 467, 468, 470, 471 एवं 34 के अंतर्गत कड़ा मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार, ग्राम थनौद (तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर) स्थित विभिन्न खसरा नंबरों की जमीनों को हड़पने के लिए यह पूरा जाल बुना गया था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम थनौद, तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1243/1, 1242/1, 1244/1, 1159/1, 1163/1, 1162/1 एवं 1162/2 का रकबा क्रमशः 0.1100, 0.0836, 0.0500, 0.1108, 0.1000, 0.2254 एवं 0.878 हेक्टेयर है, जो राजस्व अभिलेखों में केशव अवस्थी के नाम पर दर्ज है। आरोपियों ने कथित रूप से लगभग 200 एकड़ भूमि को हड़पने की नीयत से सुनियोजित षड्यंत्र रचकर फर्जी दस्तावेज तैयार किए। यह पूरी भूमि राजस्व अभिलेखों में मूल भू-स्वामी केशव अवस्थी के नाम पर दर्ज है। आरोपियों ने लगभग 200 एकड़ के इस विशाल भूभाग को हड़पने की नीयत से एक खतरनाक और सुनियोजित षड्यंत्र रचा था।



### जांच जारी

थाना प्रभारी ने बताया कि जमीन धोखाधड़ी के इस बड़े सिंडिकेट में कुछ अन्य आरोपियों और मददगारों के शामिल होने की पूरी आशंका है। पुलिस की विशेष टीमें फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही हैं और मामले की विवेचना को आगे बढ़ाया जा रहा है। जल्द ही कुछ और चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

### फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी और कूटरचित हस्ताक्षरों का खेल

जांच में खुलासा हुआ कि मुख्य आरोपी मिर्जा परवेज ने अपने साथी अब्दुल नईम, आरिफ अली एवं रोमेश पाण्डेय के साथ मिलकर वर्ष 2023 में इस धोखाधड़ी की नींव रखी थी। आरोपियों ने असली भू-स्वामी केशव अवस्थी की जगह किसी अन्य डमी व्यक्ति को खड़ा कर दिया। इसके बाद उस अज्ञात व्यक्ति के माध्यम से कूटरचित हस्ताक्षर, फर्जी फोटो और अंगूठे के निशान लगाकर अपने नाम पर एक फर्जी मुख्तियारनामा तैयार करवा लिया। इस जाली दस्तावेज के सहारे भूमि को पहले अब्दुल नईम और बाद में खुद मिर्जा परवेज के नाम पर फर्जी तरीके से पंजीकृत कराने के लिए उप पंजीयन कार्यालय रायपुर में पेश किया गया था।

### दस्तावेज और पहचान पत्र, पुलिस ने किया बरामद

इस महाघोटाले की भनक लगते ही शिकायतकर्ता वाणी पवार ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्तियारनामा एवं विक्रय दस्तावेजों की बारीकी से जांच की और महत्वपूर्ण सरकारी अभिलेख जब्त किए। आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर पुलिस ने 2 जून 2026 को बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपियों के पास से फर्जीवाड़े और मुख्तियारनामा तैयार करने के दौरान इस्तेमाल किए गए पहचान दस्तावेज व दो आधार कार्ड भी साक्ष्य के रूप में बरामद किए हैं। पर्याप्त दस्तावेजी सबूत मिलने के बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस की गिरफ्त में आए शातिर आरोपियों के नाम मिर्जा परवेज (मुख्य योजनाकार), अब्दुल नईम (उम्र 53 वर्ष), वसीम हुसैन (उम्र 33 वर्ष), मोहम्मद खलील (उम्र 28 वर्ष)।

# आरंग के कचरा वाहनों की नंबर प्लेट दिखाई नहीं देती



**आरंग।** नगर पालिका परिषद आरंग द्वारा स्वच्छता एवं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य में उपयोग किए जा रहे कुछ वाहनों में नंबर प्लेट नहीं होने का मामला चर्चा में है। शहर में संचालित कचरा संग्रहण वाहनों में पंजीयन संख्या और हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देने पर नागरिकों ने नियमों के पालन को लेकर सवाल उठाए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका के वाहन प्रतिदिन शहर की सड़कों पर संचालित होते हैं, लेकिन कुछ वाहनों में नंबर प्लेट नहीं दिखाई देने से उनके पंजीयन और वैधानिक स्थिति को लेकर संशय की स्थिति बन रही है। नागरिकों का तर्क है कि जब आम वाहन चालकों के लिए नंबर प्लेट और पंजीयन नियमों का पालन अनिवार्य है, तो शासकीय संस्था के वाहनों में भी नियमों का पालन सुनिश्चित होना चाहिए। हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट वाहनों की सुरक्षा और पहचान के लिए निर्धारित मानक नंबर प्लेट है।

### वाहन की पहचान और सत्यापन आसानी से

इसमें सुरक्षा संबंधी विशेष फीचर होते हैं, जिससे वाहन की पहचान और सत्यापन आसान हो जाता है। मोटर वाहन नियमों के अनुसार सार्वजनिक सड़कों पर संचालित वाहनों में निर्धारित मानकों के अनुरूप पंजीयन संख्या प्रदर्शित करना आवश्यक है। नगर पालिका विभिन्न करों और शुल्कों के माध्यम से राजस्व प्राप्त करती है। ऐसे में नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक संस्थाओं को स्वयं नियमों के पालन में उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। ऐसे में वाहनों के बीमा और फिटनेस पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी ने बताया कि नगर पालिका की तीन नई गाड़ियों के रजिस्ट्रेशन नंबर हाल ही में प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा कुछ वाहन एजेंसी के माध्यम से नए आए हैं, जिनमें नंबर प्लेट हो सकता है न हो। सीएमओ ने कहा कि इस संबंध में संबंधित कर्मचारियों से विस्तृत जानकारी मंगाई जा रही है। जानकारी प्राप्त होने के बाद वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी और आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल नगर पालिका प्रशासन द्वारा वाहनों की स्थिति की जानकारी एकत्र की जा रही है।

# वार्ड-3 में 9.65 लाख रुपये की लागत से विद्युतीकरण कार्य का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नगर पालिका परिषद आरंग के वार्ड क्र. 03 में नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन एवं वार्ड पार्षद नरेन्द्र लोधी ने शनि देव मंदिर से झलमला तालाब के पास स्थित पुराने आंगनबाड़ी भवन तक प्रस्तावित बाह्य विद्युतीकरण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। लगभग 9.65 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस कार्य से क्षेत्र में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित होगी तथा स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त ध्रुव कुमार मिर्धा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष हीरामन कोसले, पार्षद संतोष लोधी, पार्षद प्रतिनिधि एवं महामंत्री राकेश सोनकर, पार्षद गोलू (वीरेन्द्र कंडरा), पार्षद प्रतिनिधि विकेश धुरंधर, पार्षद प्रतिनिधि विक्रम परमार, पार्षद प्रतिनिधि डॉ. तोषण साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता के.के. भारद्वाज, भाजपा मंडल महामंत्री अशोक चंद्राकर, खूबचंद साहू, नरेन्द्र लल्ला साहनी, बूथ अध्यक्ष कुलेश्वर लोधी, शत्रुहन लोधी, वीरेन्द्र प्रजापति सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. संदीप जैन ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क, प्रकाश व्यवस्था और नागरिक सुविधाएं किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती हैं। वार्ड क्रमांक 03 में होने वाला यह बाह्य विद्युतीकरण कार्य क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगा तथा रात्रिकालीन आवागमन को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए जनहित के कार्य लगातार जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने विकास कार्य के लिए नगर पालिका परिषद का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र में अन्य आवश्यक कार्यों पर भी चर्चा की।



# साइक्लिंग लीग में दिखा ग्रामीणों का उत्साह




**भिलाई।** भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में सम्पूर्ण भारतवर्ष में विश्व बाइसिकल दिवस एवं अस्मिता साइक्लिंग लीग का आयोजन 1 से 15 जून तक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ में प्रथम अस्मिता साइक्लिंग लीग का आयोजन दुर्ग जिले के खेल गांव खम्हरिया में साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को सुबह 6 बजे भारतमाला रोड में किया गया। दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर तथा साइकलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बधाइयां दी। इस कार्यक्रम के आयोजक साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार तथा दुर्ग जिला साइकलिंग संघ के सचिव देवप्रकाश वर्मा ने बताया कि विश्व बाइसिकल दिवस में खेलगांव खम्हरिया एवं आसपास क्षेत्र के समस्त वर्ग के नागरिक, खिलाड़ी लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वहीं अस्मिता साइक्लिंग लीग में खेलगांव खम्हरिया एवं आसपास क्षेत्र के समस्त बालिका व महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम के संयोजक बालकदास डहरे तथा सह संयोजक बिसौहा राम साहू एवं शशांक देशमुख रहे।

- खेलो इंडिया अस्मिता साइक्लिंग लीग एवं विश्व बाइसिकल दिवस खेल गांव खम्हरिया में संपन्न

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुलारी देशलहरे (सरपंच ग्राम पंचायत खेलगांव खम्हरिया) विशिष्ट अतिथि- परविंदर सिंह (बीएसपी साइकिल पोलो क्लब), युवराज बेलचंदन (विधायक प्रतिनिधि) और चंद्रशेखर बंजारे (अध्यक्ष सतनामी आश्रम दुर्ग) रहे। इनके अलावा साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की कोषाध्यक्ष बीना मिश्रा, तोषेंद्र कुमार वर्मा, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट के सचिव देवप्रकाश वर्मा, साइकिल पोलो एसोसिएशन ऑफ दुर्ग के सचिव शशांक देशमुख, एनआईएस कोच टिकेश्वर और अभिषेक मिश्रा आदि ग्रामवासी का विशेष योगदान रहा।

### अपने-अपने वर्ग में अव्वल रहे डॉली, रेशमा और लीना

अस्मिता साइक्लिंग लीग तीन आयु वर्ग में आयोजित की गई, सब जूनियर बालिका वर्ग ( 13 से 16 वर्ष उम्र) में प्रथम डॉली साहू द्वितीय रेशमा साहू एवं तृतीय खेमिन सोनवानी रहीं। जूनियर बालिका वर्ग (17 एवं 18 वर्ष) में प्रथम रेशमा साहू, द्वितीय निशा साहू एवं तृतीय तेजेश्वरी रही। इसी प्रकार सीनियर महिला वर्ग (19 वर्ष एवं उससे अधिक) में प्रथम लीना ठाकुर, द्वितीय कमलेश्वरी एवं तृतीय ओमेश्वरी रहे। इसके अलावा समस्त प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

# ओपन में अपूर्व व बालिका वर्ग में अनिका धानवीं विदुषी संयुक रूप से शीर्ष पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन एवं प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में जिला शतरंज अकादमी रायपुर द्वारा राजधानी के बलबीर सिंग जुनेजा इनडोर स्टेडियम स्थित प्रदेश शतरंज संघ के कार्यालय में दो दिवसीय जिला स्तरीय अंडर 9 एवं अंडर 17 शतरंज चैंपियनशिप जारी है। 5 चक्रों की समाप्ति के बाद अंडर 9 ओपन एवं बालिका वर्ग के परिणाम जारी किए गए। जिसमें अंडर 9 ओपन वर्ग में अपूर्व भार्गव 5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। वही रोहिण जेरेमिया 4.5 अंक लेकर दूसरे क्रम में है। अव्यक्त एवं कियांश ओझा साल्वे 4 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे क्रम में है। अंडर 9 बालिका वर्ग में अनिका गुप्ता,विद्या यादव, धानवीं मिश्रा, विदुषी सिंह 4 अंक हासिल कर संयुक रूप से आगे चल रहे हैं। पांच चक्रों की समाप्ति के बाद अंडर 17 ओपन वर्ग में भौमिक सिंह चौहान,अहिलान रॉय, भव्यम झावर 4.5 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। वही अद्वैत पांडे 4 अंक लेकर दूसरे क्रम में बने हुए हैं। अंडर 17 बालिका वर्ग में अद्विका पाण्डे 4.5 अंक शीर्ष पर बनी हुई है। अंशिका मिंज, रावी शेके 4 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरे क्रम में बनी हुई है। सुकृति शर्मा 3.5 अंक प्राप्त कर तीसरे क्रम में बनी हुई है।



## मंत्री, विधायक और प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# क्षतिग्रस्त देवरी नहर की शिकायत पर छह दिन बाद भी कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

ग्राम जरौद में 29 मई को जन समस्या निवारण शिविर में ग्राम देवरी के किसानों द्वारा जल संसाधन विभाग को सौंपे गए शिकायत पत्र पर अब तक कार्रवाई नहीं होने से किसानों में नाराजगी है। किसानों का आरोप है कि शिकायत के छह दिन बाद भी विभाग ने न तो क्षतिग्रस्त स्थल का सुधार कार्य कराया है और न ही मामले की जांच कर कोई कार्रवाई की है। शिकायत पत्र के अनुसार, महानदी मुख्य नहर की शाखा क्रमांक-23 की उपशाखा देवरी माइनर के पार के अधिकांश हिस्से को ग्राम देवरी निवासी गनपत साहू पिता छबिराम साहू और रामअवतार साहू पिता मानसिंह साहू द्वारा अपने खेत में मिला दिया गया है। साथ ही कुलापा पाइप को उखाड़कर क्षतिग्रस्त किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।





**शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा :** शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इससे सार्वजनिक उपयोग की शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। देवरी के किसान रामप्रकाश साहू ने बताया कि माइनर का यह पार क्षेत्र के किसानों के लिए आवागमन का महत्वपूर्ण मार्ग है। हार्वेस्टर, ट्रैक्टर, बैलगाड़ी सहित विभिन्न कृषि यंत्रों और वाहनों का आवागमन इसी मार्ग से होता है। पार के क्षतिग्रस्त होने से कृषि कार्य प्रभावित होने की आशंका है तथा किसानों को खेतों तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि मानसून नजदीक होने के कारण स्थिति और गंभीर हो सकती है। यदि वर्षा पूर्व नहर पार की मरम्मत नहीं कराई गई तो आवागमन बाधित होने के साथ-साथ सिंचाई व्यवस्था पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

शिकायतकर्ताओं ने जल संसाधन विभाग से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर क्षतिग्रस्त नहर पार एवं कुलापा की मरम्मत कराई जाए तथा शासकीय संपत्ति को हुए नुकसान के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाए। शिकायत की प्रतिलिपि क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, जल संसाधन मंत्री, प्रभारी मंत्री तथा कलेक्टर रायपुर को भी प्रेषित की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि किसानों के हित और आगामी कृषि सीजन को ध्यान में रखते हुए विभाग को शीघ्र हस्तक्षेप कर आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

# सी.सी.पी.एल में रायगढ लायंस से जीत का आगाज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) में गुरुवार का पहला मैच रायगढ लायंस ने जीता। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) के तृतीय संस्करण का आयोजन 03 जून से 14 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जा रहा है। दूसरे दिन गुरुवार को पहला मैच सरगुजा टाइगर्स तथा रायगढ लायंस के मध्य खेला गया। सरगुजा टाइगर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। सरगुजा टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 188 रनों का विशाल स्कोर बनाया। सरगुजा टाइगर्स की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाज सानिध्य हुरकत ने 51 गेंदों में 8 चैकों तथा 4 छक्कों की मदद से 91 रनों की शानदार पारी खेलीं। उनके अतिरिक्त हर्ष यादव ने 26 रन तथा आशुतोष सिंह ने 15 रनों का योगदान दिया। रायगढ़ लायंस की ओर से दीपक यादव तथा राजा कुर्रे ने 2-2 विकेट लिए। 89 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायगढ लायंस ने 18.3 ओवरों में 4 विकेट खोकर 192 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। उनकी शुरुवात अच्छी रही, प्रारंभिक बल्लेबाज संगीत सोनी ने ने 80 रन तथा ऋषभ तिवारी ने 45 रन बनाये। दोनों के मध्य पहले विकेट के लिये 113 रनों की साझेदारी हुयी। उनके अतिरिक्त आलोक साहु ने 29 रन नाबाद तथा नयन चौहान ने 16 रन बनाये।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल
रायपुर-16 सारागांव तहसील धरसींवा
जिला रायपुर (छ.ग.)

//आम सूचना//

जारी दिनांक 03/06/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रितिक अग्रवाल पिता/पति सुनील अग्रवाल निवासी सोसायटी पारा प्रतापगढ़ छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम नेऊरडीह पटवारी हल्का नंबर 14 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-16 सारागांव में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 228/5 रकबा 0.3738 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब/अतिरिक्त तहसीलदार धरसींवा के आदेश क्रमांक Q/वाचक/ना.तह./2026 दिनांक 28/06/2026 के परिपालन में दिनांक 08/06/2026 को समय 10 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 14 के ग्राम नेऊरडीह में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पशचात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर 16 (सारागांव)

## हेल्थ टिप्स

### भीषण गर्मी में छोटे बच्चों पर दें खास ध्यान




जाने-अनजाने में माता-पिता कुछ ऐसी गलती कर जाते हैं तो बच्चे के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। ऐसे में अगर कोई असामान्य लक्षण दिखे जैसे बुखार, स्किन रैश या सुस्ती तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। आपके घर में नन्हा मेहमान है तो गर्मियों में इन बातों का जरूर ध्यान रखें।

गर्मियों का मौसम छोटे बच्चों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। तेज धूप, लू और पसीना छोटे बच्चों को जल्दी प्रभावित करता है। ऐसे में माता-पिता को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की जरूरत होती है। गर्मियों में थोड़ा ध्यान और देखभाल नन्हे शिशु को स्वस्थ, सुरक्षित और खुश रख सकती है। हालांकि जाने-अनजाने में माता-पिता कुछ ऐसी गलती कर जाते हैं तो बच्चे के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। ऐसे में अगर कोई असामान्य लक्षण दिखे जैसे बुखार, स्किन रैश या सुस्ती तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। आपके घर में नन्हा मेहमान है तो गर्मियों में इन बातों का जरूर ध्यान रखें।

#### गर्मियों में इन गलतियों से परहेज करें

शिशु को गर्मी में मोटा कपड़ा न पहनाएं। उन्हें हल्के सूती और आरामदायक कपड़े पहनाएं ताकि उनका शरीर तापमान के अनुकूल रहे। छोटे बच्चों को लंबे समय तक डायपर पहनाना नुकसानदायक हो सकता है। इससे उन्हें रैशेज और जलन हो सकती है। समय-समय पर हवा लगने दें। बच्चे को तेज धूप में बाहर न ले जाएं। अगर बाहर जाना है तो नवजात को सुबह 10 बजे से पहले या शाम को ही बाहर ले जाएं। तापमान में अचानक बदलाव से बच्चा बीमार हो सकता है। इसलिए ठंडा पानी न दें और ना ही एयर कंडीशनर में अचानक ले जाएं। छोटे बच्चे के लिए हर चीज सुरक्षित नहीं होती है। इसलिए बिना डॉक्टर की सलाह के घरेलू नुस्खे न अपनाएं।

#### बच्चे की देखभाल के जरूरी टिप्स



गर्मी में बच्चे को हल्के और ढीले सूती कपड़े पहनाएं। इससे शरीर को हवा मिलती है और बच्चा सहज रहता है। बच्चे को दिन में दो-तीन बार गीले कपड़े से पोंछें या गुनगुने पानी से स्नान कराएं। इससे पसीना और गंदगी हटती है। जिस कमरे में बच्चा रहता है, उसका तापमान सामान्य रखें। न ज्यादा ठंडा और न ज्यादा गर्म। गर्मी में डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए नियमित फीडिंग जरूरी है। इसलिए समय समय पर स्तनपान कराते रहें। इस मौसम में मच्छर भी बढ़ जाते हैं। बच्चे का मच्छरों से बचाव करें। लेकिन बच्चे के आसपास हार्श केमिकल्स वाले मॉस्किटो रिपेलेंट का प्रयोग न करें।

#### पानी और तरल पदार्थ का अधिक सेवन कराएं

गर्मी में बच्चों को ज्यादा से ज्यादा पानी और अन्य तरल पदार्थ जैसे जूस, नारियल पानी और छाछ देना जरूरी है। यह उनके शरीर में पानी की कमी को पूरा करता है और उन्हें हाइड्रेटेड रखता है। बच्चों को समय-समय पर पानी पिलाने की आदत डालें, ताकि वे गर्मी से राहत महसूस करें।

#### सूरज से बचने के लिए सही समय चुनें

गर्मी के दिनों में बच्चों को सुबह 7 बजे से पहले और शाम 5 बजे के बाद ही बाहर खेलने के लिए भेजें। दोपहर के समय सूर्य की किरणें तेज होती हैं, जिससे बच्चों को सनबर्न, हीटस्ट्रोक और अन्य हेल्थ प्रॉब्लम हो सकती हैं।

#### हलके और सूती कपड़े पहनाएं

गर्मी में बच्चों को हल्के, कॉटन और ढीले कपड़े पहनाने से उन्हें आराम मिलता है। सूती कपड़े पसीने को सोखने में मदद करते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। कड़ी धूप से बचाने के लिए बच्चों को टोपी या हैट भी पहनाएं।

#### ठंडी और ताजगी देने वाली डाइट

गर्मी में ताजे फल और सब्जियां बच्चों को डाइट में शामिल करें। तरबूज, खीरा, संतरें, आम, पपीता, और नींबू शरीर को ठंडा रखते हैं और हाइड्रेशन में मदद करते हैं। साथ ही, ठंडी दही, लस्सी और छाछ भी गर्मी में सेहतमंद होते हैं।

#### घर में ठंडा वातावरण बनाए रखें



घर के अंदर ठंडा और आरामदायक वातावरण बनाए रखने के लिए एसी या पंखे का इस्तेमाल करें। बच्चों के कमरे में ज्यादा गर्मी न हो, इसके लिए खिड़कियां खोलकर ताजगी बनाए रखें और सुनिश्चित करें कि कमरे में पर्याप्त वेंटिलेशन हो।

विटामिन बी-12 की कमी पूरी कर सकते हैं डाइट बदलकर

# शरीर में विटामिन बी-12 की कमी से होती है कई परेशानियां, सप्लीमेंट के बजाय डाइट में करें बदलाव

विटामिन बी-12 मुख्य रूप से पशु-आधारित खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। इसकी कमी से थकान, कमजोरी, सुन्न होने, चलने में परेशानी और एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे डाइट में विटामिन बी-12 युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करना आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है।



विटामिन बी-12 हमारे शरीर के लिए सबसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में से एक है, जो लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण और तंत्रिका तंत्र के स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी कमी से थकान, कमजोरी, भूलने की बीमारी, और गंभीर मामलों में एनीमिया जैसी समस्याएं हो सकती हैं। कई लोग विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने के लिए सप्लीमेंट का सहारा लेते हैं, लेकिन संतुलित आहार के जरिए इसकी पूर्ति संभव है। केला, चना, अंडे और डेयरी उत्पाद जैसे खाद्य पदार्थ विटामिन बी-12 की कमी को प्राकृतिक रूप से दूर करने में मददगार हैं। आइए जानें इनके फायदे और इन्हें डाइट में कैसे शामिल करें।

#### विटामिन बी-12 का महत्व

विटामिन बी-12, जिसे कोबालमिन भी कहा जाता है, मुख्य रूप से पशु-आधारित खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। शाकाहारी लोगों में इसकी कमी की संभावना अधिक होती है, क्योंकि पौधों में यह स्वाभाविक रूप से कम होता है। इसकी कमी से थकान, कमजोरी, सुन्न होने, चलने में परेशानी, मतली आने, वजन कम होना, चिड़चिड़ापन, और एकाग्रता में कमी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों में इसकी कमी गंभीर हो सकती है। ऐसे डाइट में विटामिन बी-12 युक्त खाद्य पदार्थ शामिल करना आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकता है।

**केला:** केला न केवल ऊर्जा का त्वरित स्रोत है, बल्कि यह विटामिन बी-12 के अवशोषण में भी मदद करता है। हालांकि केले में सीधे तौर पर विटामिन बी-12 नहीं होता, लेकिन यह अन्य विटामिन्स और खनिजों के साथ मिलकर शरीर में इसकी कमी को संतुलित करने में सहायक है। रोजाना 1-2 केले खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है, जो विटामिन बी-12 के अवशोषण को बढ़ाता है।



**चना:** चना प्रोटीन और फाइबर का उत्कृष्ट स्रोत है। कुछ अध्ययनों के अनुसार, किण्वित (फर्मेंटेड) चने में विटामिन बी-12 की मात्रा बढ़ सकती है। शाकाहारी लोग भुना हुआ चना, चने की सब्जी या चने का सूप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह पाचन को बेहतर बनाता है और विटामिन बी-12 की कमी को पूरा करने में सहायता करता है।

**अंडे:** अंडे विटामिन बी-12 का शानदार स्रोत हैं। एक अंडे में लगभग 0.6 माइक्रोग्राम विटामिन बी-12 होता है, जो दैनिक आवश्यकता का हिस्सा पूरा करता है। उबले अंडे, आमलेट या स्क्रैम्बल्ड एग्स को नाश्ते में शामिल करें। अंडे प्रोटीन और अन्य पोषक तत्वों से भी भरपूर होते हैं, जो समग्र स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं।

**डेयरी उत्पाद:** दूध, दही, पनीर और छाछ जैसे डेयरी उत्पाद विटामिन बी-12 का प्राकृतिक स्रोत हैं। एक गिलास दूध में लगभग 1.2 माइक्रोग्राम विटामिन बी-12 होता है। शाकाहारी लोग रोजाना दूध या दही का सेवन कर सकते हैं। पनीर सलाद या सब्जियों के साथ भी लिया जा सकता है। डेयरी उत्पाद हड्डियों और तंत्रिका तंत्र को मजबूत करते हैं।

#### कैसे करें डाइट में शामिल?



सुबह के नाश्ते में उबले अंडे या दही के साथ केला खाएं। दोपहर में चने की सब्जी या सलाद और रात में एक गिलास दूध पिएं। शाकाहारी लोग किण्वित चने या दही पर अधिक ध्यान दें।

#### इन वजहों से भी थकान होती है महसूस

हाइड्रेट नहीं होने पर आपकी बॉडी हमेशा थकी हुई महसूस करती है। गर्मियों में आमतौर पर इस तरह की दिक्कत आपको ज्यादा हो सकती है। इसलिए आपको गर्मियों में अपने शरीर को हाइड्रेट रखना चाहिए। दिनभर में ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए। इससे आपकी थकावट दूर होगी और आप फ्रेश महसूस करेंगे। इसके अलावा बता दें कि आप हेल्दी डाइट नहीं खाते हैं, जिसके चलते भी थकान महसूस होती है।

ऐसे में कोशिश करें कि जंक फूड्स और प्रोसेस्ड फूड का इस्तेमाल न करें। यदि आपकी बॉडी में कुछ जरूरी न्यूट्रिएंट्स की कमी होती है तो भी आपको पूरे दिन थका हुआ महसूस होगा। दरअसल, जब शरीर में विटामिन-डी की कमी होगी तो आपको थकावट महसूस होती है। साथ ही अगर पूरी नींद नहीं लेंगे तो भी आपको पूरे दिन थकावट महसूस होगी। दरअसल, नींद के दौरान आपका शरीर जरूरी ग्रोथ हार्मोन रिलीज करता है।

## साइक्लिंग लीग में दिखा ग्रामीणों का उत्साह




खेलो इंडिया अस्मिता साइक्लिंग लीग एवं विश्व बाइसिकल दिवस खेल गांव खम्हरिया में संपन्न

भिलाई। भारतीय खेल प्राधिकरण भारत सरकार एवं साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशन में सम्पूर्ण भारतवर्ष में विश्व बाइसिकल दिवस एवं अस्मिता साइक्लिंग लीग का आयोजन 1 से 15 जून तक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ में प्रथम अस्मिता साइक्लिंग लीग का आयोजन दुर्ग जिले के खेल गांव खम्हरिया में साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ एवं क्रीड़ा भारती के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को सुबह 6 बजे भारतमाला रोड में किया गया। दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर तथा साइकलिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु बधाइयां दी।

इस कार्यक्रम के आयोजक साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के महासचिव विनायक चन्नावार तथा दुर्ग जिला साइकलिंग संघ के सचिव देवप्रकाश वर्मा ने बताया कि विश्व बाइसिकल दिवस में खेलगांव खम्हरिया एवं आसपास क्षेत्र के समस्त वर्ग के नागरिक, खिलाड़ी लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। वहीं अस्मिता साइक्लिंग लीग में खेलगांव खम्हरिया एवं आसपास क्षेत्र के समस्त बालिका व महिलाएं शामिल हुईं। कार्यक्रम के संयोजक बालकदास डहरे तथा सह संयोजक बिसौहा राम साहू एवं शशांक देशमुख रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुलारी देशलहरे (सरपंच ग्राम पंचायत खेलगांव खम्हरिया) विशिष्ट अतिथि- परविंदर सिंह (बीएसपी साइकिल पोलो क्लब), युवराज बेलचंदन (विधायक प्रतिनिधि) और चंद्रशेखर बंजारे (अध्यक्ष सतनामी आश्रम दुर्ग) रहे। इनके अलावा साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की कोषाध्यक्ष बीना मिश्रा, तोषेंद्र कुमार वर्मा, साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट के सचिव देवप्रकाश वर्मा, साइकिल पोलो एसोसिएशन ऑफ दुर्ग के सचिव शशांक देशमुख, एनआईएस कोच टिकेश्वर और अभिषेक मिश्रा आदि ग्रामवासी का विशेष योगदान रहा।

#### अपने-अपने वर्ग में अव्वल रहे डॉली, रेशमा और लीना

अस्मिता साइक्लिंग लीग तीन आयु वर्ग में आयोजित की गई, सब जूनियर बालिका वर्ग ( 13 से 16 वर्ष उम्र) में प्रथम डॉली साहू द्वितीय रेशमा साहू एवं तृतीय खेमिन सोनवानी रहीं। जूनियर बालिका वर्ग (17 एवं 18 वर्ष) में प्रथम रेशमा साहू, द्वितीय निशा साहू एवं तृतीय तेजेश्वरी रही। इसी प्रकार सीनियर महिला वर्ग (19 वर्ष एवं उससे अधिक) में प्रथम लीना ठाकुर, द्वितीय कमलेश्वरी एवं तृतीय ओमेश्वरी रहे। इसके अलावा समस्त प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

## ओपन में अपूर्व व बालिका वर्ग में अनिका धानवीं, विदुषी संयुक रूप से शीर्ष पर

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन एवं प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के मार्गदर्शन में जिला शतरंज अकादमी रायपुर द्वारा राजधानी के बलबीर सिंग जुनेजा इनडोर स्टेडियम स्थित प्रदेश शतरंज संघ के कार्यालय में दो दिवसीय जिला स्तरीय अंडर 9 एवं अंडर 17 शतरंज चैंपियनशिप जारी है। 5 चक्रों की समाप्ति के बाद अंडर 9 ओपन एवं बालिका वर्ग के परिणाम जारी किए गए। जिसमें अंडर 9 ओपन वर्ग में अपूर्व भार्गव 5 अंक लेकर शीर्ष पर बने हुए हैं। वही रोहिण जेरेमिया 4.5 अंक लेकर दूसरे क्रम में है। अव्यक्त एवं कियांश ओझा साल्वे 4 अंकों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे क्रम में है। अंडर 9 बालिका वर्ग में अनिका गुप्ता,विद्या यादव, धानवीं मिश्रा, विदुषी सिंह 4 अंक हासिल कर संयुक रूप से आगे चल रहे हैं।



पांच चक्रों की समाप्ति के बाद अंडर 17 ओपन वर्ग में भौमिक सिंह चौहान,अहिलान रॉय, भव्यम झावर 4.5 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। वही अद्वैत पांडे 4 अंक लेकर दूसरे क्रम में बने हुए हैं। अंडर 17 बालिका वर्ग में अद्विका पाण्डे 4.5 अंक शीर्ष पर बनी हुई है। अंशिका मिंज, रावी शेके 4 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरे क्रम में बनी हुई है। सुकृति शर्मा 3.5 अंक प्राप्त कर तीसरे क्रम में बनी हुई है। स्पर्धा कुल 6 चक्रों में खेली जाएगी। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा एवं डिप्टी चीफ आर्बिटर हर्ष माने,चंदन विश्वकर्मा, विक्रम सिंह एवं हेमा नागेश्वर है।



## सी.सी.पी.एल में रायगढ लायंस से जीत का आगाज

रायपुर। छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) में गुरुवार का पहला मैच रायगढ लायंस ने जीता। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सी.सी.पी.एल.) के तृतीय संस्करण का आयोजन 03 जून से 14 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जा रहा है। दूसरे दिन गुरुवार को पहला मैच सरगुजा टाइगर्स तथा रायगढ लायंस के मध्य खेला गया। सरगुजा टाइगर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। सरगुजा टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट खोकर 188 रनों का विशाल स्कोर बनाया। सरगुजा टाइगर्स की ओर से प्रारंभिक बल्लेबाज सानिध्य हुरकत ने 51 गेंदों में 8 चैकों तथा 4 छक्कों की मदद से 91 रनों की शानदार पारी खेलीं। उनके अतिरिक्त हर्ष यादव ने 26 रन तथा आशुतोष सिंह ने 15 रनों का योगदान दिया। रायगढ़ लायंस की ओर से दीपक यादव तथा राजा कुर्रे ने 2-2 विकेट लिए। 89 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायगढ लायंस ने 18.3 ओवरों में 4 विकेट खोकर 192 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। उनकी शुरुवात अच्छी रही, प्रारंभिक बल्लेबाज संगीत सोनी ने ने 80 रन तथा ऋषभ तिवारी ने 45 रन बनाये। दोनों के मध्य पहले विकेट के लिये 113 रनों की साझेदारी हुयी। उनके अतिरिक्त आलोक साहु ने 29 रन नाबाद तथा नयन चौहान ने 16 रन बनाये। सरगुजा टाइगर्स की ओर से धनंजय नायक तथा गगनदीप सिंह ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। रायगढ लायंस ने 6 विकेट से मैच जीत लिया। संगीत सोनी प्लेयर ऑफ द मैच रहे।





#### दर्शकों को भी मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार

शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में जारी छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) के तृतीय संस्करण में दर्शकों को प्रतिदिन शानदार पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। दर्शक टिकट के पीछे दिए गये लक्की ड्रा कुपन के माध्यम से निम्नलिखित पुरस्कार पा सकतें हैं। 3 जून उद्घाटन मैच के बाद अब 14 जून फायनल मैच हेतु प्रथम पुरस्कार एक टु व्हीलर वाहन, द्वितीय पुरस्कार रु.40,000, तृतीय पुरस्कार – रु.30,000, चतुर्थ पुरस्कार – रु.25,000, पांचवा पुरस्कार रु.22,500, छठां पुरस्कार रु. 20,000, सांतवा पुरस्कार रु. 18,000, आठवां पुरस्कार रु. 16,500, नवां पुरस्कार. रु.14,000 और दसवां पुरस्कार रु.14,000 रखा गया है। 4 जून से 12 जून लीग मैचों हेतु पुरस्कार रुपये 10,000 के 10 पुरस्कार प्रतिदिन दिए जाएंगे। दर्शकों को www.ticketgenic.in के माध्यम से ऑनलाइन टिकट प्राप्त करना होगा। सभी टिकट निःशुल्क उपलब्ध होगी। मैच के दिन दर्शक स्टेडियम में ऑनलाइन टिकट का स्क्रीनशॉट दिखा कर टिकट प्राप्त कर सकतें हैं।



कार्नर न्यूज

शरीर में पानी की कमी होना कई परिस्थितियों पर निर्भर

# डायरिया को लेकर समाज में चलते हैं कई मिथक इन्हें सच मानने से पहले जान लें इनकी हकीकत

डायरिया एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या है जिससे लगभग हर कोई कभी न कभी प्रभावित होता है। डायरिया को लेकर हमारे समाज में कई भ्रांतियां प्रचलित हैं। आइए उन्हीं में से कुछ भ्रांतियों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

डायरिया एक आम स्वास्थ्य समस्या है, जिससे लगभग हर व्यक्ति अपने जीवन में कभी न कभी जूझा होता है। डायरिया खासकर गर्मियों और बरसात के मौसम में ज्यादा देखने को मिलती है। इसमें व्यक्ति को बार-बार पतले दस्त आते हैं, जिससे शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी हो सकती है। अगर समय पर ध्यान न दिया जाए, तो यह डिहाइड्रेशन का कारण बन सकता है, जो बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। यह आमतौर पर दूषित भोजन या दूषित पानी से फैलता है। इसके लक्षणों में पेट दर्द, ऐंठन, उल्टी और बुखार भी शामिल हो सकते हैं।

डायरिया को लेकर हमारे समाज में कई गलत धारणाएं फैली हुई हैं, जिन्हें लोग अक्सर सच मान लेते हैं। यहां चार आम मिथकों और उनकी हकीकत को समझते हैं, ताकि आप इस स्थिति से सही तरीके से निपट सकें।



#### मिथकः डायरिया में नमक नुकसान करता है

कुछ लोग सोचते हैं कि डायरिया के दौरान नमक का सेवन हानिकारक होता है। यह पूरी तरह गलत है। डायरिया में शरीर से पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स (जैसे सोडियम) की हानि होती है। इसकी पूर्ति के लिए ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), जिसमें नमक और चीनी का मिश्रण होता है, पीना जरूरी है। ओआरएस डिहाइड्रेशन को रोकने में मदद करता है और शरीर को आवश्यक खनिज प्रदान करता है।

#### मिथकः डायरिया कभी गंभीर नहीं होता

कई लोग मानते हैं कि डायरिया सामान्य समस्या है और यह अपने आप ठीक हो जाती है। हकीकत यह है कि डायरिया गंभीर हो सकता है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों में। यदि डायरिया लंबे समय तक रहे या बार-बार दस्त हों, तो यह डिहाइड्रेशन का कारण बन सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, डायरिया बच्चों में मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। गंभीर मामलों में तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

यह धारणा भी गलत है कि डायरिया में केवल सूखा खाना, जैसे खिचड़ी या टोस्ट, ही खाना चाहिए। हकीकत में, डायरिया के दौरान हल्का और संतुलित आहार जरूरी है। केला, चावल, सेब की चटनी और टोस्ट फायदेमंद हैं, साथ ही नारियल पानी, दाल का पानी और हल्का सूप भी पोषण और हाइड्रेशन बनाए रखने में मदद करते हैं। डायरिया में भारी और तैलीय भोजन से बचना चाहिए।

#### मिथक- घर के खाने से डायरिया नहीं हो सकता

कई लोग मानते हैं कि घर का खाना हमेशा सुरक्षित होता है और इससे डायरिया नहीं हो सकता। यह सच नहीं है। यदि खाना सही तरीके से न पकाया जाए, बर्तन गंदे हों, या खाना महक गया हो, तो बैक्टीरिया या वायरस के कारण डायरिया हो सकता है। रसोई में स्वच्छता, ताजा सामग्री और सही भंडारण जरूरी है। दूषित पानी या कच्चे खाद्य पदार्थ भी डायरिया का कारण बन सकते हैं।

#### क्या करें डायरिया में?

डायरिया होने पर पर्याप्त मात्रा में पानी और ओआरएस पिएं। हल्का और सुपाच्य भोजन लें। स्वच्छता का ध्यान रखें, जैसे बार-बार हाथ धोना। यदि दस्त अधिक समय तक रहे, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।



# विश्व पर्यावरण दिवस
## की हार्दिक शुभकामनाएं...


CGSIMA

विश्व पर्यावरण दिवस

के अवसर आप सभी को अनंत बधाई एवं शुभकामनाएं।

आइये, प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण करें -

डॉ. मनीष कुमार मेहता (अध्यक्ष) निशांत खेतान (सचिव)

छत्तीसगढ़ स्पंज आयरन मैन्युफेक्चरिंग एसोसिएशन


हरियाली लाओ, जीवन बचाओ।


समस्त प्रदेशवासियों को 5 June विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

अशोक कुमार अग्रवाल (अध्यक्ष), मनीष धुप्पड़ (महासचिव), पंकज अग्रवाल (उपाध्यक्ष), सुरेश गोयल (उपाध्यक्ष), मुकेश पाण्डे (उपाध्यक्ष), विवेक अग्रवाल (कोषाध्यक्ष)

एवं समस्त सदस्यगण

छत्तीसगढ़ मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन


प्रदुषण हटाओ, पर्यावरण बचाओ।


World Environment Day

संजय त्रिपाठी (अध्यक्ष) बाँके बिहारी अग्रवाल (महासचिव)

विश्व पर्यावरण दिवस पर जल, जंगल और जमीन के संरक्षण का संकल्प लें।

एक बेहतर कल के लिए आज प्रकृति का संरक्षण करें।

छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन

प्रथम तल, सोना टॉवर, रामसागर पारा, रायपुर (छ.ग.)

मो.:9301663591, फोन:0771-4017502, ईमेल: office.cgsra@gmail.com



विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ASHTVINAYAKA REALTIES

Rera No.-CGRERA150322A000647

Website: www.rera.cgstate.gov.in

FOR ENQUIRY : 8516003000



विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

रायपुर पावर एंड इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड

सशक्त सुजन, सुमन संरक्षण, सतत संवर्धन

विश्वसनीय ब्रांड स्वच्छ ऊर्जा बेहतर भविष्य

टाटा पावर सोलर किट सबसे बेहतरीन कीमत में उपलब्ध

विश्वसनीय और प्रभावी सोलर समाधान के साथ अपने घर या व्यवसाय को ऊर्जा दें।

कम बिजली बिल | उच्च प्रदर्शन और टिकाऊपन | पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ

फोन नंबर- 0771 3524306, 9660552837, 7804037177

info@raipurpower.in www.raipurpower.in



विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

WORLD ENVIRONMENT DAY

AISHWARYA GROUP

AISHWARYA EMPIRE

Next to St. Xaviers School, Avanti Vihar, Raipur (C.G.) 492007 India.

Ph.: +91-7771976666

Email: aishwaryakingdom@gmail.com



VGR's Capital Homes

Behind Ambuja Mall, Saddu

3 BHK Bungalows & Plots

• Gated Community with Club
• Landscaped Gardens
• Ready Possession

https://rera.cgstate.gov.in

Rera No. PCGRERA070618000097

VGR REAL ESTATE Building happiness 9581936000 7725005500



सफलता के सूत्र- • संकल्प • साधना • समर्पण

छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित स्व. कमला देवी नकछेद प्रसाद स्मृति

अग्रसेन महाविद्यालय

[NAAC Accredited, Recognised Under UGC Act 2(f) & 12B]

ADMISSION OPEN 2026-27

उपलब्ध पाठ्यक्रम...

B.Com | BBA | BCA | BAMC | B.Sc. | B.Sc. | MSW | M.Com | MJ | MBA | MA IN YOGA | PGD IN YOGA | PGDCA | PGDJ | DCA | Ph.D

Don't Wait Secure Your Future Today!

जैतुसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)

7777884998, 8871007980, 9229207980

WIFI CAMPUS | E-LIBRARY WITH 95000 E-BOOKS | SEMINAR & WORKSHOPS | PDP & ENGLISH CLASSES



विश्व पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

इंटीरियर वर्ल्ड श्री ट्रेडर्स, भाठागांव

पीवीसी पैनल, कृत्रिम ग्रास व सभी प्रकार के इंटीरियर डेकोरेटिव मटेरियल

आपके इंतजार में... तैयार फार्म हाउस ग्राम परसदा विद्या मंदिर

संपर्क : 7879311110

दिनेश आनंद अठवानी

प्रवक्ता: चेट्रीचंड महोत्सव समिति, सिंधी समाज रायपुर

अध्यक्ष: भाठागांव व्यापारी संघ

प्रवक्ता: पूज्य छग सिंधी सेवा महापंचायत


प्रकृति का न करे हरण, आओ हम सब बचाये पर्यावरण

पर्यावरण की रक्षा देश की सुरक्षा


पर्यावरण दिवस की हार्दिक बधाई!

सिंघम ई-रिक्शा एवं ई-कार्ट

शिवनारायण गुप्ता (शिव भोले) 24 घंटे गाड़ी उपलब्ध 93002 42718 97547 16618

श्री द्वारिका बोरवेल्स

सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता एवं भूजल सर्वेक्षण

5"6"7" बोर करवाने हेतु संपर्क करें

नोट : प्लॉट एवं मकान खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

रिंग रोड नं.1, कुशालपुर चौक, भारत ट्रेडर्स के पास, रायपुर (छ.ग.)



वाटर हार्वेस्टिंग एवं वाटर ऑडिटर

जल संकट का एकमात्र निदान अपने मकान, भवनों एवं उद्योगों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग लगाए

डी.पी. वर्मा

पंजीकृत भू-जलविद

Water auditor (CGWB)

HYDRO BIO - CONSULTANTS • SAVE WATER SAVE LIFE •

Shop No. 517, 5th Floor, Usha Pride, Vidhan Sabha Road, Mowa, Raipur (C.G.)

Email:- lrydrogeo2015@gmail.com

hydro_geo2009@yahoo.com

9617007000, 9302610009



पर्यावरण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

India's Biggest Car Accessories Showroom

JEET TOWER CAR SHRINGAR

कार को सजाना है.. कार श्रृंगार आना है

- WE DEAL WITH -

Car Stereo System • Power Windows • Wheel Cap • Alloy Wheel Central Locking • Latest Car Seat Covers • Matting • 360° Camera... and many more !

ALPINE Pioneer SONY JBL BLAUPUNKT infinity M-TEK

Car Shringar Since 1992

Jeet Tower, Opp. Rajkumar College Main Gate, G.E. Road, Raipur. Ph: 9329101331, 0771-4046063

नकलचोरों से सावधान

## खबर संक्षेप



### अवैध परिवहन में संलिप्त 4 हाईवा जब्त

**रायपुर**। जिले में अवैध खनिज उत्खन और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को आरंग विकासखंड के मंदिर हसौद क्षेत्र में औचक जांच अभियान चलाते हुए 4 हाईवा वाहन को पकड़ा। इसमें 3 वाहन में रेत और 1 में मुरुम भरा हुआ था। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभिलाषा पैकरा के नेतृत्व में राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की। सभी वाहन को जब्ती बनाकर मंदिर हसौद थाना के सुपुर्द किया है।

### तीजनबाई की स्थिति गंभीर

**रायपुर**। एम्स ने पद्म विभूषण तीजन बाई का स्वास्थ्य बुलेटिन गुरुवार को जारी किया। एम्स प्रबंधन के अनुसार, उन्हें 27 मई को गंभीर स्वास्थ्य स्थिति में एम्स के ट्रॉमा एवं इमरजेंसी विभाग में भर्ती कराया गया था। वर्तमान में उनका उपचार मेडिकल इंटेंसिव केयर यूनिट में चल रहा है। जनरल मेडिसिन, क्रिटिकल केयर, पल्मोनरी मेडिसिन एवं नेफ्रोलॉजी विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक बहु-विषयक टीम उनकी चिकित्सा एवं देखभाल कर रही है। स्थापित चिकित्सा प्रोटोकॉल के अनुसार उनकी लगातार निगरानी की जा रही है तथा आवश्यक जांच एवं सहायक उपचार प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में मरीज की हीमोडायनामिक स्थिति स्थिर प्रतीत हो रही है, तथापि उनकी समग्र स्वास्थ्य स्थिति अभी भी गंभीर बनी हुई है।

### ऑडिटोरियम में आज होगी श्रद्धांजलि सभा

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त)



रूपनारायण सिन्हा के निधन से प्रदेश के सामाजिक, संगठनात्मक एवं जनसेवा क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है। उनके सम्मान एवं पुण्य स्मृति में पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 5 जून को शाम 6 बजे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम मूल संगठन एवं अनुषांगिक संगठन परिवार के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्व. सिन्हा के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।इस कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों, सदस्यों, कार्यकर्ताओं, छत्तीसगढ़ आयोग योग से जुड़े समस्य योग प्रशिक्षकों एवं नागरिकों से श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धासुमन अर्पित करने का आग्रह किया है।

## निधन

### विद्या मंगलानी

**रायपुर**। गली नंबर-1 तेलीबांधा निवासी विद्या मंगलानी का निधन



हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 जून को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे चेतन दास मंगलानी की पत्नी, मनोहर लाल मंगलानी की माता एवं संजय, अजय मंगलानी की दादी थीं।

### ज्ञान शंकर बाजपेई

**रायपुर**। सेंट्रल बैंक के सामने, सिविल लाइन निवासी ज्ञान शंकर



बाजपेई का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 5 जून को सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे एडव्होकेट अमित बाजपेई व सुमीत बाजपेई के पिता थे।

# आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां, 16 जून तक छग पहुंच सकता है मानसून

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

तीन दिनों के अतिरिक्त इंतजार के बाद अंततः मानसून ने केरल में दस्तक दे दी है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई है। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि यह निर्धारित समय अर्थात 16 जून को छग में दस्तक दे सकता है। गुरुवार को मौसम विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून बंगाल की खाड़ी, अरब सागर, लक्षद्वीप, केरल और माहे, कर्नाटक के कुछ भाग, तमिल नाडु, कोमेरिन क्षेत्र के शेष हिस्से में 4 जून को पहुंच गया है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण तेलंगाना और उससे लगे तटीय आंध्रप्रदेश के ऊपर 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

इसके प्रभाव से 5 जून को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है।

- केरल में सामान्य से तीन दिन विलंब से पहुंचा है मानसून

**इस बार छग में 90 प्रतिशत बारिश का पूर्वानुमान**



फाइल फोटो

### रायपुर सबसे गर्म

मानसून के छत्तीसगढ़ प्रवेश से पहले रायपुर प्रदेश में सर्वाधिक गर्म बना हुआ है। गुरुवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री रहा। राजनांदगावं भी इसी तापमान के साथ प्रदेश में रायपुर संग सबसे गर्म शहर रहा। सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.3 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया। प्रदेश में छोटे डोंगर, मैनपाट और अंबिकापुर में एक-एक सेमी बारिश दर्ज की गई। रायपुर में शुक्रवार को तेज आंधी चलने के साथ हल्की बारिश की चेतावनी भी मौसम विभाग ने दी है। आकाश आज आंशिक मेघमय रहेगा। तापमान में आने वाले 2-3 दिनों तक विशेष परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति अब निर्मित नहीं होगी।

## अमृत मिशन के तहत नगर निगम मुख्यालय ने ऑनलाइन टेंडर कर तय की थी एजेंसी

# बघवा तालाब का श्रृंगार अधूरा, न अंधेरा दूर हुआ और न ही ओपन जिम लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

संत रविदास वार्ड के रायपुरा स्थित विप्र नगर के बघवा तालाब सौदर्यीकरण और गार्डन विकसित करने का काम आधा-अधूरा हो पाया है, इसके बाद भी नगर निगम के इंजीनियर अधूरा काम पूरा कराने के बजाए इसे जोन 8 कमिश्नरी को हैंडओवर करने की हड़बड़ी मचा रहे हैं। ऐसे में जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने इसे एकतरफा हैंडओवर लेने से मना कर दिया है। इसके साथ ही प्रोजेक्ट के अधूरे काम को जल्द पूरा कराने निगम मुख्यालय में संबंधित इंजीनियर को पत्र लिखा जा रहा है। तालाब सौंदर्यीकरण में करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद तालाब की दशा तो सुधरी, पर अंधेरे ने उसकी सुंदरता छीन ली है। तालाब की स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है। इसका फायदा असामाजिक तत्व उठाने लगे हैं। तालाब के अंधेरे में असामाजिक तत्वों की शराबखोरी भी चल रही है।

रायपुरा क्षेत्र के बघवा तालाब की ढाई दशक बाद नगर निगम ने सुध ली। अमृत मिशन के तहत जोन 8 क्षेत्र के इस तालाब के गहरीकरण और तलछटी में जमी गाद और गोबर की मोटी परत निकालने का काम पहले चरण में किया गया। तालाब की सफाई, गहरीकरण और सौंदर्यीकरण के काम में 2:50 करोड़ खप गए। इसके बाद भी आधा-अधूरा काम हो पाया। तालाब के पास पाथवे बनाने और सुंदर बगीचा विकसित करने की योजना पर पहले फेज में काम नहीं हो पाया। नगर के अधिकारियों ने अधूरे काम को पूरा करने 1.50 करोड़ का नया प्रस्ताव बनाकर शासन को मंजूरी के लिए भेजा। इसमें लैंड स्कैपिंग, प्लांटेशन सहित अन्य कार्य दोबारा शामिल करना पड़ा।

### हैंडओवर लेने से निगम का इंकार



- बाउंड्रीवॉल के गेट बनाकर बंद नहीं किया, टूटा पड़ा है



### एकतरफा हैंडओवर नहीं लेंगे

बघवा तालाब सौंदर्यीकरण और बगीचा विकसित करने का काम आधा-अधूरा हो पाया है अनुबंधित एजेंसी और प्रोजेक्ट के संबंधित प्रभारी से कहा है कि जल्द अधूरे काम को पूरा कराएं, काम पूरा होने के बाद वार्ड पार्षद के साथ स्थल पर जाकर समीक्षा कर संतुष्ट होने के बाद हैंडओवर का निर्णय लिया जाएगा। मुख्यालय को भी इससे अवगत कराया है।

\- **राजेश्वरी पटेल**, कमिश्नर, जोन क्रमांक 8, नगर निगम रायपुर

### ओपन जिम के उपकरण आधे-अधूरे, गेट भी टूटा

बघवा तालाब सौंदर्यीकरण और बगीचा विकसित करने के साथ ही लोगों की सेहतमंदी के लिए वहां ओपन जिम के अलग-अलग उपकरण लगाए जाने थे,पर यह नहीं हो सका। वार्ड पार्षद अर्जुन यादव ने बताया कि तालाब के एक हिस्से की स्ट्रीट लाइट, जिम के इक्वीपमेंट, बाउंड्रीवाल की टूटफूट की मरम्मत और टूटे हुए गेट को शिकायत के बाद भी ठीक नहीं कराया गया है। मैंने जोन कमिश्नर से भी आग्रह किया है, बघवा तालाब सौंदर्यीकरण का काम, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें जब तक सुधारी नहीं जाती, तब तक इसे जोन वाले हैंडओवर न लें।

### दर्जनों स्ट्रीट पोल बने शोपीस, सांझ ढलते ही अंधेरा

*रायपुरा की आधी बस्ती सहित यादवपारा के लोग एक अरसे से इस तालाब का उपयोग निस्तारी के लिए करते आ रहे हैं। 35 एकड़ में फैले इस तालाब के पास सुंदर बगीचा विकसित करने के साथ ही उसमें फूलदार, छायादार पौधे लगाए गए, पर देखदेख के अभाव में बगीचे में लगाए गए अधिकतर पौधे सूख गए हैं। इस ओर न तो अनुबंधित एजेंसी ध्यान दे रही है, न ही प्रोजेक्ट से जुड़े निगम के इंजीनियर इसकी निगरानी कर रहे। ठेका एजेंसी और निगम की मनमानी के कारण करोड़ों रुपए तालाब के सौंदर्यीकरण में खर्च करने के बाद भी इसका लाभ आसपास के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इधर तालाब के चारों ओर प्रकाश की व्यवस्था करने लगाए गए दर्जनों नए स्ट्रीट पोल की लाइटें बंद होने से पोल महज शोपीस बनकर रह गए।*

# बड़े बकायादारों पर कड़ा रुख जोन कमिश्नरों को रोज 1 करोड़ वसूली का टारगेट



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने सभी जोन कमिश्नरों को संपत्ति कर के बड़े बकायादारों को नोटिस जारी कर बकाया राशि वसूली में कड़ाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी 10 जोन को मिलाकर प्रतिदिन एक करोड़ की राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया है।

महात्मा गांधी सदन में गुरुवार को निगम आयुक्त ने समय-सीमा बैठक लेकर विभिन्न विषयों की बिंदुवार समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त संबित मिश्रा कहा कि 30 जून 26 तक वित्तीय वष 2026-27 का संपत्ति कर जमा करने वाले करदाताओं को 6.25 फीसदी छूट का लाभ दिया जावे। इसके साथ ही सभी जोन कमिश्नरों और राजस्व अमले को राजस्व वसूली पर लगातार फोकस बनाए रखने के लिए कहा। मानसून की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निगम आयुक्त ने पहली बारिश से पहले अधिक से अधिक स्थानों पर वर्षा जल को सहेजने रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जोन कमिश्नरों से कहा कि अवैध निर्माण के मामलों पर नियम अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। बैठक में नगर निगम आयुक्त लोकेश्वर साहू, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, मुख्य अभियंता संजय बागड़े, सभी जोन कमिश्नर, उपायुक्त, कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता उपस्थित रहे।

- बारिश से पहले रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर जोर

**आग लगने पर कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका से इंकार नहीं**

# राजधानी के 80 प्रतिशत से ज्यादा होटल और लॉज बारूद के ढेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिल्ली के होटल में आगजनी की घटना ने रायपुर के गोल बाजार में नौ साल पूर्व तुलसी होटल में आगजनी की घटना की याद ताजा कर दी है। आगजनी की घटना में पांच कारोबारियों की मौत हो गई थी। दिल्ली के होटल की तरह तुलसी होटल में कई कारोबारियों ने छत से कूदकर अपनी जान बचाई थी। होटल में ठहरे ज्यादातर कारोबारियों की मौत दम घुटने से हुई थी। राजधानी के ज्यादातर होटल सुरक्षा आडिट कराने में लापरवाही बरत रहे हैं। ऐसे में किसी होटल, गेस्ट हाउस या लॉज में आगजनी की घटना होने पर बड़ी अनहोनी होने से इनकार नहीं किया जा सकता।

राजधानी में छोटे-बड़े होटल के अलावा लॉज, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट तथा क्लब की संख्या दो हजार से ज्यादा है। फायर ब्रिगेड के अफसरों के अनुसार सौ के करीब होटल संचालकों ने फायर ऑडिट कराया है। उल्लेखनीय है कि फायर ऑडिट का ठेका वर्तमान में चार निजी कंपनियों को दे दिया गया है। पूर्व में सरकारी ऑडिट होने पर होटल, गेस्ट हाउस, लॉज, रेस्टोरेंट संचालकों ने फायर ऑडिट कराने ध्यान नहीं दिया। इस स्थिति में इन होटल, लॉज, गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, पब संचालकों द्वारा निजी ठेका कंपनी से फॉयर सिक्यूरिटी ऑडिट कराने को लेकर संशय है।

### राजधानी में दो हजार से ज्यादा होटल गेस्ट हाउस, लॉज, रेस्टोरेंट के साथ क्लब



### सबसे ज्यादा खतरनाक स्टेशन रोड के होटल, लॉज

स्टेशन रोड के आसपास जितने लॉज, गेस्ट हाउस तथा ज्यादातर होटल हैं, वो सभी तंग गलियों में हैं। यहां आग लगने की स्थिति में फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंचना मुश्किल है। महज पांच से छह फीट गली के अंदर लॉज, गेस्ट हाउस के साथ होटल संचालित किए जा रहे हैं। स्टेशन रोड के पास जो होटल, गेस्ट हाउस तथा लॉज संचालित हो रहे हैं, उनमें से ज्यादातर के किचन के साथ रेस्टोरेंट बेसमेंट में संचालित हो रहे हैं। रेलवे स्टेशन से सटे इलाके में सौ से ज्यादा छोटे-बड़े होटल के साथ गेस्ट हाउस तथा लॉज संचालित हैं।

### इन फायर सिक्यूरिटी फीचर्स का सख्ती से पालन करना है

फायर नार्म्स के तहत होटल, क्लब, रेस्टोरेंट, लॉज, गेस्ट हाउस संचालन करने वाले संचालकों को फायर नार्म्स के अनुसार एक्सटिंग्विशर फायर अलार्म सिस्टम, स्मोक डिटेक्टर, फायर हाइड्रेंट सिस्टम, स्प्रिंकल सिस्टम, फायर होज रील, इमरजेंसी एग्जिट, इमरजेंसी लाइटिंग, फायर कंट्रोल रूम, रेत की बाल्टी, पानी की बाल्टी, फायर ब्लैंकेट, इमरजेंसी इवैक्यूएशन डीजी सेट, इलेक्ट्रिकल पैनल व किचन में विशेष अग्नि सुरक्षा के उपाय होना चाहिए। इसके बाद ही ओके फायर ऑडिट रिपोर्ट मिलती है। 90 प्रतिशत से ज्यादा होटलों में फायर सिक्यूरिटी फीचर्स नहीं हैं।

# पेट्रोल और डीजल की कमी से व्यापारी त्रस्त, कैट ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पेट्रोल और डीजल आपूर्ति की दिक्कतों को लेकर व्यापारी परेशान हैं। कैट छत्तीसगढ़ इकाई के नेतृत्व में व्यापार, उद्योग और परिवहन क्षेत्र से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों ने रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही उद्योग, व्यापार, खाद्य प्रसंस्करण और आटो मोबाइल क्षेत्र में पेट्रोल, डीजल आपूर्ति संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रीज,छत्तीसगढ़ ट्रक मालिक संघ, अन्य परिवहन संगठनों, रायपुर आटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन और कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंह देव, अध्यक्ष परमानंद जैन, वाईस चेयरमैन सुरिंदर सिंह, जीवत बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र निराकरण की मांग की।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में ड्रम, बैरल या अन्य अधिकृत माध्यमों से डीजल और पेट्रोल की उपलब्धता में आ रही बाधाओं के कारण उद्योग,व्यापार, परिवहन सहित अन्य क्षेत्र की कई गतिविधियां प्रभावित हो रही है।

यह विषय जिले की संपूर्ण आर्थिक गतिविधियों, उत्पादन व्यवस्था और आपूर्ति श्रृंखला एवं रोजगार से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। सीएफआई ने अवगत कराया कि औद्योगिक इकाइयों में संचालित जनरेटर, सामग्री हेंडलिंग उपकरण, उत्पादन मशीनरी सहित अन्य आवश्यक संसाधनों के संचालन के लिए डीजल व पेट्रोल की नियमित रूप से उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है।

### व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि के साथ मिलकर सौंपा ज्ञापन

### पेट्रोल-डीजल आपूर्ति की समस्या के निराकरण की मांग



### प्रभावित होने की संभावना

ईंधन आपूर्ति में व्यवधान से उत्पादन प्रक्रिया और औद्योगिक गतिविधियां प्रभावित होने की संभावना है। छत्तीसगढ़ ट्रक मालिक संघ सहित अन्य परिवहन संगठनों द्वारा अवगत कराया गया कि रेल्वे साइडिंग, औद्योगिक कार्यस्थलों और लॉजिस्टिक गतिविधियों में उपयोग होने वाली क्रेन, हाइड्रा, पोकलेन, लोडर, जनरेटर सहित अन्य भारी मशीनों को पेट्रोल पंप तक ले जाना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं होता, ऐसी स्थिति में अधिकृत माध्यमों से डीजल उपलब्ध कराना आवश्यक है। राडा ने अवगत कराया कि शोरूमों विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में जनरेटर संचालन के लिए डीजल जरूरी होता है। इसके अतिरिक्त नए वाहनों की डिलीवरी के समय ग्राहकों की सुविधा एवं वाहनों के सुरक्षित संचालन के लिए ईंधन डाला जाना जरूरी है।

# भारतमाला परियोजना घोटाला के आरोप में जेपी गांधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भारतमाला परियोजना मुआवजा घोटाला में ईडी ने घोटाला में शामिल महत्वपूर्ण आरोपी अभनपुर निवासी जमीन दलाल जयप्रकाश गांधी को मनी लांड्रिंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जेपी गांधी के निवास पर ईडी ने 27 अप्रैल को छापे की कार्रवाई की थी। छापे की कार्रवाई के बाद ईडी की यह पहली गिरफ्तारी है। जेपी के घर छापे के पूर्व उसके भाई गोपाल गांधी के घर ईडी छापे की कार्रवाई करने पहुंची थी।

छापे की कार्रवाई के दौरान ईडी को जेपी गांधी के निवास से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य तथा संदिग्ध ट्रांजेक्शन की जानकारी मिली थी। आरोप है कि हरमीत खनूजा तथा जेपी गांधी तथा घोटाला से जुड़े अन्य जमीन दलाल घोटाला किया और किसानों को मुआवजे की आधी राशि ही दी, जबकि बाकी रकम खुद रख ली। ईडी द्वारा जारी बयान के मुताबिक यह प्रकरण एसीबी, ईओडब्लू द्वारा दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। ईडी को जांच में पता चला है कि उजय प्रकाश गांधी ने कथित तौर पर अपने परिवार के सदस्यों और कुछ सरकारी कर्मचारियों के साथ मिलकर, नोटिफाइड हाईवे अलाइनमेंट के दायरे में आने वाली जमीन खरीदी और बाद में उस जमीन को 500 वर्ग मीटर से कम के छोटे-छोटे टुकड़ों में बांट दिया। जांचकर्ताओं का मानना है कि जमीन का यह बंटवारा जान-बूझकर किया गया था, ताकि मुआवज़े से जुड़े प्रावधानों का फायदा उठाया जा सके और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से काफी ज्यादा मुआवज़ा हासिल किया जा सके।

# तकनीकी नवाचार से सशक्त हो रहा पर्यावरण संरक्षण

**ड्रोन निगरानी, स्मार्ट मॉनिटरिंग और हरित विकास की दिशा में छत्तीसगढ़ की नई पहल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विश्व पर्यावरण दिवस विशेष

विश्व पर्यावरण दिवस पर छत्तीसगढ़ जनसंपर्क संचालनालय के अधिकारियों, सहायक संचालक सुनील त्रिपाठी और संयुक्त संचालक धनंजय राठौर ने प्रकृति और प्रगति के बीच संतुलन को लेकर महत्वपूर्ण संदेश साझा किए हैं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर उनके विचार इस प्रकार हैं। उन्होंने कहा कि धरती केवल हमारे रहने का स्थान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की अमूल्य धरोहर है। स्वच्छ हवा, निर्मल जल, हरे-भरे वन और समृद्ध जैव विविधता ही मानव सभ्यता के अस्तित्व का आधार हैं। लेकिन आज जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन ने पूरी दुनिया के सामने गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विकास की दौड़ में प्रकृति की अनदेखी अंततः मानव जीवन के लिए ही खतरा बन सकती है। इसलिए आज आवश्यकता ऐसी विकास नीति की है जो समृद्धि के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन को भी सुरक्षित रखे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार इसी संतुलित विकास की अवधारणा को आगे बढ़ा रही है।

राज्य में पर्यावरणीय शासन को आधुनिक तकनीकों से जोड़ते हुए प्रदूषण नियंत्रण, संसाधन संरक्षण और सतत विकास की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

### जीपीएस ट्रैकिंग से खतरनाक अपशिष्टों पर नियंत्रण

औद्योगिक अपशिष्टों का वैज्ञानिक प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण की महत्वपूर्ण कड़ी है। छत्तीसगढ़ सरकार ने खतरनाक अपशिष्टों के परिवहन एवं निपटान की निगरानी के लिए GPS आधारित ट्रैकिंग प्रणाली लागू की है। इस व्यवस्था से अपशिष्ट के उत्पन्न होने से लेकर उसके अंतिम निस्तारण तक की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध रहती है। इससे अवैध डंपिंग और पर्यावरणीय क्षति की संभावनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है।

### 24 घंटे वायु गुणवत्ता पर निगरानी

*राज्य में कंटीन्यूअस एम्बिएंट एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग सिस्टम (CAAQMS) का विस्तार किया जा रहा है। यह प्रणाली चौबीसों घंटे वायु की गुणवत्ता का विश्लेषण कर वास्तविक समय में आंकड़े उपलब्ध कराती है। इससे प्रदूषण की स्थिति का वैज्ञानिक आकलन संभव हो रहा है तथा नागरिकों को भी वायु गुणवत्ता संबंधी जानकारी प्राप्त हो रही है।*